www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

2 अपने अधिकार भी जानें महिलाएं, जान से मार देने की घटनाएं कब रुकेंगी?
गंगा का जलस्तर बढ़ने से कोन क्षेत्र में बाढ़ 04

वर्ष :09 | अंक :68 | मुंबई , शुक्रवार , 29 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### दंपति पर चाकू से हमला कर आरोपी ने आत्महत्या की

मध्यप्रदेश के सिवनी में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये ऐंठने को लेकर हुए विवाद में 30 वर्षीय एक व्यक्ति ने दंपति पर चाकू से हमला करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिवनी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि घटना मंगलवार रात को जबलपुर-सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई, जब एक कार में सवार दंपति के साथ बैठे अर्पित वर्मा नाम के व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में पति-पत्नी दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि हमला करने के बाद कार से निकलकर भागे आरोपी अर्पित ने खुद का गला काट कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि हमले में घायलों की पहचान प्रकाश ठाकुर और उसकी पत्नी श्रृद्धा ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, घायल महिला ने बताया कि आरोपी अर्पित उसे उद्योग केंद्र में प्रबंधक पद पर सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र दिलाने के लिए जबलपुर लेकर गया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कई घंटे तक यहां-वहां घुमाने के बाद जब दंपति ने तंग आकर रुपये वापस करने की बात कही तो आरोपी ने उनसे नियुक्ति पत्र ई-मेल पर आने को कहा।

### इंदौर में बर्तनों की दुकान में रहस्यमय धमाका, तीन लोग घायल

इंदौर में बर्तनों की एक दुकान में बृहस्पतिवार को रहस्यमय तौर पर हुये जोरदार धमाके में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। द्वारकापुरी पुलिस थाने के प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि यह धमाका 60 फुट रोड पर बर्तनों की एक दुकान में हुआ। उन्होंने चश्मदीदों के हवाले से बताया कि धमाके की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इससे पास की दुकान की दीवार टूटकर धराशायी हो गई और इसका मलबा उछल कर करीब 25 फुट दूर जा गिरा। थाना प्रभारी ने बताया कि धमाके में घायल तीन लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और इनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। पटेल ने बताया, घायलों में बर्तनों की दुकान से सटी प्लास्टिक सामान की दुकान का मालिक भी शामिल है जिसे धमाके के बाद दीवार गिरने से चोटें आईं। उन्होंने बताया कि धमाके की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और बम निरोधक दस्ते के अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं।

# 'हम एक वोट भी चुराने नहीं देंगे'

## सीतामढ़ी में बोले राहुल गांधी, बिहार की मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख गरीबों के नाम

**'मतदाता अधिकार यात्रा'**

▶▶कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वो एक पवित्र किताब है। इसमें हमारे देश की सोच है, विचारधारा है। संविधान ने ही दलितों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है, लेकिन बीजेपी के लोग ये अधिकार आपसे छीनना चाहते हैं।

एजेंसी

बिहार। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के तहत सीतामढ़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि बिहार के लोग भाजपा और चुनाव आयोग को अपने वोट के अधिकार से छीनने की अनुमति नहीं देंगे। जानकी मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करने के बात राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग बिहार में 'वोट चोरी' करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए हमने यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली है। भाजपा और चुनाव आयोग ये जान लें कि बिहार की जनता जागरूक है, वो इन्हें 'वोट चोरी' करने नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार ने अपनी पूरी ताकत 'वोटर अधिकार यात्रा' में डाल दी है। आज यहां का बच्चा-बच्चा ये कह रहा है कि नरेंद्र मोदी 'वोट चोरी' करते हैं। वोट चोर - गद्दी छोड़। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हमने सबूत के साथ दिखाया है कि बीजेपी ने 'वोट चोरी' की है। भाजपा के लोग ध्यान से सुन लें- हमने अभी सिर्फ एक विधानसभा का सबूत दिया है। आने वाले समय में हम लोकसभा, हरियाणा और बाकी प्रदेशों में भी 'वोट चोरी' का सबूत देंगे। हम ये साबित कर देंगे कि बीजेपी-आरएसएस 'वोट चोरी' कर ही चुनाव जीतते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वो एक पवित्र किताब है। इसमें हमारे देश की सोच है, विचारधारा है। संविधान ने ही दलितों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है, लेकिन बीजेपी के लोग ये अधिकार आपसे छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में जो 65 लाख वोट कटे हैं, उनमें दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों के नाम हैं... अमीरों का नाम नहीं है।



**राहुल गांधी का बीजेपी पर तीखा हमला**

बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की आत्मा है, जो दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों को सम्मान और स्वाभिमान का अधिकार देता है. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी मतदाता सूची से 65 लाख वोटों को हटाकर, खासकर दलितों, पिछड़ों और गरीबों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के साथ खड़ा है और बीजेपी को इस 'वोट चोरी' की साजिश में कामयाब नहीं होने देगा.

**हम हर मोर्चे पर मजबूती से खड़े हैं- राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने कहा कि, लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला वोट चोरी है. इसके जरिए गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों को छीना जा रहा है. लेकिन याद रखिए बिहार की धरती पर हम किसी भी कीमत पर लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे. वोट चोर सुन लें, जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हम हर मोर्चे पर मजबूती से खड़े हैं.

# विरार में बड़ा हादसा: चार मंजिला इमारत ढही ,17 की मौत तथा 9 गंभीर रूप से घायल

## मुख्यमंत्री द्वारा मृतक के परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा

> 2 शव मलबे में से निकाले गए। जिन 17 लोगों की मौत हुई उनमें 6महिलाएं, 8पुरुष तथा 3बच्चे शामिल हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

वसई-विरार महानगरपालिका की सीमा के अंतर्गत वार्ड समिति ऱसीऱ के चंदनसर वार्ड में रमाबाई अपार्टमेंट, चामुंडानगर, स्वामी समर्थ नगर, विजयनगर, नारंगी रोड, विरार (पूर्व) की इमारत का पिछला हिस्सा मंगलवार रात लगभग 11.45 बजे ढह गया। इसकी सूचना मिलते ही महानगर पालिका के कर्मचारी, पुलिस बल, अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ की टीम समय पर मौके पर पहुँची और युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। उक्त इमारत में कुल 50 फ्लैट हैं और चूँकि उक्त इमारत का पिछला हिस्सा (लगभग 12 फ्लैट) ढह गया है। खबर लिखे जाने तक 24 निवासियों को मलबे से निकाला गया था सभी की हालत बहुत गंभीर थी, जिसमें से 15निवासियों की मौत अस्पताल में हो चुकी है और 9 की स्थिति गंभीर है। इमारत के मलबे में फंसे नागरिकों को निकालने का काम युद्धस्तर पर जारी है और इमारत के शेष हिस्से में रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा दिया गया है। साथ ही, सुरक्षा कारणों से रमाबाई अपार्टमेंट के बगल में स्थित ऋ+4 इमारत और आसपास की चॉलों के कमरों को भी खाली कराकर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा दिया गया है। नगर निगम ने इन सभी प्रभावित नागरिकों को अस्थायी आवास और भोजन की व्यवस्था की है।



**मनपा आयुक्त सूर्यवंशी तुरंत दुर्घटना स्थल पर**

वसई विरार मनपा आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी घटना घटने के कुछ देर बाद ही घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य निरीक्षण किया। अस्पताल में जाकर घायलों को देखकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि प्रशासन द्वारा पीड़ितों को हर संभव मदद की जाएगी तथा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**बिल्डर और भूमि मालिक गिरफ्तार**

वसई-विरार मनपा की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता धारा 105 व MRTP एक्ट की धाराएं 52, 53, 54 के तहत रमाबाई अपार्टमेंट के बिल्डर नितल साने सहित भूमि मालिक और अन्य पर अवैध निर्माण, घटिया सामग्री और बिना अनुमति फ्लैट निर्माण, गंभीर लापरवाही का आरोप व FIR (क्रमांक 480/2025 )दर्ज करने के पश्चात गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संभल डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव, 45% से घटकर 20 फीसदी हुई हिंदू आबादी

> रिपोर्ट के अनुसार, आजादी के समय संभल नगर पालिका क्षेत्र में 55% आबादी मुस्लिम और 45% हिंदू थी; हालाँकि, वर्तमान समय में हिंदू आबादी घटकर 15% रह गई है, जबकि मुस्लिम समुदाय बढ़कर 85% हो गया है। आजादी के बाद से संभल में कुल 15 दंगे हुए हैं।

एजेंसी

**जांच कमेटी ने सौंपी सीएम योगी को रिपोर्ट**



राज्य सूचना विभाग के अनुसार, संभल हिंसा मामले की जाँच के लिए नियुक्त तीन सदस्यीय पैनल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 450 पृष्ठों की इस रिपोर्ट में नवंबर 2024 में हुई संभल हिंसा का विवरण है और शहर में हुए पिछले दंगों का भी ज़िक्र है। रिपोर्ट में संभल में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में भी महत्वपूर्ण विवरण दिया गया है, जहाँ एक समय हिंदू समुदाय के लोग 45 प्रतिशत थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 20 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, आजादी के समय संभल नगर पालिका क्षेत्र में 55% आबादी मुस्लिम और 45% हिंदू थी; हालाँकि, वर्तमान समय में हिंदू आबादी घटकर 15% रह गई है, जबकि मुस्लिम समुदाय बढ़कर 85% हो गया है। आजादी के बाद से संभल में कुल 15 दंगे हुए हैं। 24 नवंबर 2024 को, संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा न्यायालय के आदेश पर किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी।

# अगर हमें फैसला करना होता तो...

## आरएसएस और बीजेपी के बीच मतभेद पर बोले मोहन भागवत, कहीं कोई झगड़ा नहीं है

एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ किसी भी मुद्दे पर सलाह दे सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय भाजपा ही लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि संघ का केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के साथ अच्छा समन्वय है। उन्होंने कहा कि हम हर सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों, दोनों के साथ अच्छा समन्वय बनाए हुए हैं। लेकिन कुछ व्यवस्थाएँ ऐसी भी हैं जिनमें कुछ आंतरिक विरोधाभास हैं।

> भागवत ने कहा कि कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था। इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो।

भागवत ने कहा कि कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था। इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो। भले ही कुर्सी पर बैठा व्यक्ति हमारे लिए पूरी तरह से समर्पित हो, उसे यह करना ही होगा, और वह जानता है कि इसमें क्या-क्या बाधाएँ हैं। वह ऐसा कर भी सकता है और नहीं भी। हमें उसे वह स्वतंत्रता देनी होगी। कहीं कोई झगड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि तो इन सब बातों से ऐसा लगता है कि झगड़ा है। लेकिन संघर्ष तो हो सकता है, झगड़ा नहीं है, क्योंकि लक्ष्य एक ही है, और वो है हमारे देश का भला।





उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ मतभेद हो सकता, पर मन भेद नहीं है। क्या आरएसएस सब कुछ तय करता है? यह बिल्कुल गलत है। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। मैं कई सालों से संघ चला रहा हूँ और वे सरकार चला रहे हैं। इसलिए हम सिर्फ सलाह दे सकते हैं, फैसला नहीं ले सकते।

# पंजाब के 7 जिलों में बाढ़, पहुंची सेना

## जम्मू में बाढ़ में फंसे 27 जवान, 10 घंटे में रेस्क्यू; हिमाचल के चंबा में घरों में मलबा घुसा

▶▶जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर की टीम ने 10 घंटे में जम्मू के जौरियन में फंसे 27 जवानों को बचाया।

एजेंसी



पंजाब , बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं। राज्य के अजनाला में सेना की एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर की टीम ने 10 घंटे में जम्मू के जौरियन में फंसे 27 जवानों को बचाया। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बेहाल है।


# जब तक मैं जीवित हूं, लोगों का मताधिकार किसी को भी छीनने नहीं दूंगी...

## भाजपा पर बरसीं ममता बनर्जी

> बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं।

एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश के विभाजन के दौरान, लोगों की भाषा बांग्ला थी, इसीलिए वे बांग्ला में बात करते हैं। भाजपा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 500 सदस्यीय टीम लाकर सर्वेक्षण कर रही है। अपने दस्तावेज उनके साथ साझा न करें। क्योंकि वे आपके दस्तावेज एकत्र करने और मतदाता सूची से आपके नाम हटाने की योजना बना रहे हैं। बस आधार कार्ड ले जाएं क्योंकि यह एक अनिवार्य आईडी प्रूफ है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभायी गयी भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है।



# वैष्णो देवी हादसे पर फूटा उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी का गुस्सा

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर उठाए सवाल, कहा- 35 श्रद्धालुओं की मौत नहीं हुई, उन्हें मारा गया है

> डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वैष्णो देवी यात्रा की घटना को लेकर एलजी मनोज सिन्हा को जवाब देना चाहिए। एलजी के कार्यकाल में पहले भी भगदड़ मची थी। जब बादल फटने और भारी बारिश का अलर्ट था, तब यात्रा क्यों नहीं रोकी गई?

एजेंसी



वैष्णो देवी यात्रा भूस्खलन को लेकर राजनीति तेज हो गई है। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से जवाब मांगा है कि इलाके में बादल फटने और भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा क्यों नहीं रोकी गई। रियासी ज़िले में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के बाद कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वैष्णो देवी यात्रा की घटना को लेकर एलजी मनोज सिन्हा को जवाब देना चाहिए। एलजी के कार्यकाल में पहले भी भगदड़ मची थी।

**वार** विपक्ष पर संबित पात्रा का तीखा वार

# कांग्रेस गाली वाली पार्टी, कूट-कूट के भरा है अहंकार

एजेंसी






नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने गुरुवार को बिहार की 'मतदाता अधिकार यात्रा' में इस्तेमाल की जा रही भाषा को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं की आलोचना की और उन पर 'गाली-गलौज की राजनीति' करने का आरोप लगाया। पाात्रा ने कहा कि बिहार में एक यात्रा चल रही है और उस यात्रा में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग हो रहा है, बड़े दुख के साथ उस विषय पर ये प्रेस कांफ्रेंस हम कर रहे हैं। लोकतंत्र में एक मयार्दा होती है, सुषमा स्वाराज जी ने एक बार सदन में कहा था कि हम शत्रु नहीं हैं, विचारधारा के आधार पर विरोधी हैं। संबित पात्रा ने दावा किया कि आज भाषा की मयार्दा तार-तार हो रही है। आज जब माननीय प्रधानमंत्री और उनकी स्वर्गवासी मां के लिए जिस कटुतापूर्ण, अश्लीलता पूर्ण भाषा का प्रयोग किया गया है, उसके लिए आज उस पार्टी को शर्मसार होना चाहिए, जो पार्टी कभी अपने आप को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती है। कांग्रेस पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने आप को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती थी, वो गांधी जी की पार्टी थी। लेकिन, आज जो पार्टी अपने आप को तथाकथित रूप से स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती है, वो आज गाली वाली पार्टी बन गई है। ये महात्मा गांधी जी की पार्टी नहीं, बल्कि तथाकथित नकली गांधी परिवार की पार्टी है। भाजपा सांसद ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस में कूट-कूट के अहंकार भरा हुआ है। इनको लगता है कि भारतवर्ष इन्हीं का है। इनको अगर भारत में गद्दी नहीं मिलती, तो ये लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को मां की गाली भी दे देते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद नेताओं द्वारा महागठबंधन की रैली के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ को निशाना बनाकर की गई गालियाँ बेहद शर्मनाक हैं। और इस चलन की शुरूआत करने वाले राहुल गांधी हैं, जिन्हें खुद प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने में कोई शर्म नहीं आती। उन्होंने कहा कि इस भाषा का कोई जनक है, तो वो है राहुल गांधी! दरभंगा की रैली के मंच से जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी की मां और प्रधानमंत्री जी के लिए कहा गया, उससे ठीक पूर्व लगभग 5-7 दिन से राहुल गांधी प्रधानमंत्री जी को तू कहकर संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर और संजय राउत में कोई फर्क.नहीं रहा।

> पाात्रा ने कहा कि बिहार में एक यात्रा चल रही है और उस यात्रा में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग हो रहा है, बड़े दुख के साथ उस विषय पर ये प्रेस कांफ्रेंस हम कर रहे हैं। लोकतंत्र में एक मयार्दा होती है, सुषमा स्वाराज जी ने एक बार सदन में कहा था कि हम शत्रु नहीं हैं, विचारधारा के आधार पर विरोधी हैं।

# सोरेन ने दुर्घटनाओं में मारे गए तीन कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे



एजेंसी

नयी दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले तीन सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को बृहस्पतिवार को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुमला के कांस्टेबल अजीत कुमार, सरायकेला के कांस्टेबल अनिल कुमार और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील कुमार मरांडी अलग-अलग दुर्घटनाओं में मारे गए थे। मृतकों के परिवारों को राज्य विधानसभा में एक विशेष बीमा योजना के तहत यह राशि प्रदान की गई।

सोरेन ने चेक सौंपने के बाद एक्स पर लिखा, हमारी सरकार राज्य में कार्यरत उन कर्मचारियों के परिवारों के साथ हमेशा खड़ी है,

जिनकी सेवा के दौरान किसी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक कर्मचारियों के परिवारों को उनके अधिकार और हक सम्मान के साथ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।


> एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुमला के कांस्टेबल अजीत कुमार, सरायकेला के कांस्टेबल अनिल कुमार और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील कुमार मरांडी अलग-अलग दुर्घटनाओं में मारे गए थे।

## सम्पादकीय

# अमेरिका से एक और खतरा, टैरिफ के बाद एच-1 बी वीजा खत्म करने का बनाया जा रहा माहौल

यह सही है कि एच-1 बी वीजा का सर्वाधिक लाभ भारतीय उठाते हैं लेकिन ऐसा वे अपनी योग्यता के बल पर करते हैं। तथ्य यह भी है कि इस वीजा व्यवस्था से खुद अमेरिका लाभान्वित हुआ है। यदि उसकी सिलिकान वैली की कंपनियों ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है तो भारतीयों की मेधा के बल पर।एक ऐसे समय जब भारत सरकार और कारोबार जगत ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति से निपटने में लगा हुआ है, तब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की ओर से एच-1 बी वीजा को धोखाधड़ी करार दिया जाना अमेरिका से उभरने वाले एक और खतरे का संकेत है। भारत को ट्रंप टैरिफ का जवाब देने के साथ इस खतरे से भी निपटने की तैयारी करनी चाहिए, क्योंकि वाणिज्य मंत्री के अतिरिक्त अमेरिकी राष्ट्रपति के कुछ और सहयोगी भी एच-1 बी वीजा खत्म करने की जरूरत जता रहे हैं। इससे यदि कुछ स्पष्ट होता है तो यही कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन भारत के हितों के खिलाफ खड़ा हो गया है। ट्रंप और उनके सहयोगियों के भारत विरोधी रवैए से इस आशंका को बल मिलता है कि वे अपने रणनीतिक सहयोगी भारत को एक बड़ी चुनौती के रूप में देखने लगे हैं। लगता है ट्रंप और उनके साथी इस नतीजे पर पहुंच रहे हैं कि भारत उसके लिए वैसे ही चुनौती बन सकता है, जैसे चीन बन गया है। वे अपने संकीर्ण नजरिए के चलते यह देखने को तैयार नहीं कि चीन तानाशाही शासन और विश्व व्यवस्था को धता बताने वाला देश है, जबकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के प्रतिबद्ध देश है। संभवत ट्रंप और उनके सहयोगियों को यह रास नहीं आ रहा है कि तेजी से अपना कद बढ़ाता भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को लेकर सचेत और सक्रिय है। यदि ट्रंप, उनके सहयोगी और कुछ अमेरिकी विचारक यह समझते हैं कि भारत अमेरिका से सहयोग प्राप्त करने के बदले हर मामले में उसकी हां में हां मिलाए तो यह संभव नहीं। भारत ने तो ऐसा तब नहीं किया, जब वह आर्थिक रूप से कमजोर था। उभरते भारत से तो किसी को भी ऐसी अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। भारत का अतीत इसकी गवाही देता है कि वह कठिन परिस्थितियों में भी अमेरिका के अनुचित दबाव में नहीं आया। यह सही है कि एच-1 बी वीजा का सर्वाधिक लाभ भारतीय उठाते हैं, लेकिन ऐसा वे अपनी योग्यता के बल पर करते हैं। तथ्य यह भी है कि इस वीजा व्यवस्था से खुद अमेरिका लाभान्वित हुआ है। यदि उसकी सिलिकान वैली की कंपनियों ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है तो भारतीयों की मेधा के बल पर। जैसे ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति के दुष्परिणाम अमेरिका को भुगतने होंगे, वैसे ही एच-1 बी वीजा व्यवस्था में भारत को लक्ष्य कर किया जाना वाला बदलाव भी उसे ही क्षति पहुंचाएगा।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि :** दिन बेहतरीन रहने वाला है और भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो सकती है और व्यापार में योजनाएं आगे बढ़ेंगी। व्यवसाय के मामले में अपना कारोबार आगे बढ़ाने की दिशा में भी आप विचार कर सकते हैं।

**वृषभ राशि:** स्वास्थ्य थोड़ा खराब रह सकता है, जिसका असर कामकाज पर भी पड़ेगा। ऐसे में सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर होगा और खानपान पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में कोई ऑफर आपको आकर्षित कर सकता है, लेकिन जल्दबाजी में कोई भी कदम आगे बढ़ाने से नुकसान हो सकता है।

**मिथुन राशि :** कार्यक्षेत्र में आप को महत्वपूर्ण योजना आगे बढ़ा सकते हैं। लेकिन इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आपको धैर्य रखना होगा क्योंकि, समय अधिक लग सकता है। आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहेगा और आपको लाभ कमाने के मौके मिलेंगे।

**कर्क राशि :** दिन उत्तम रहने वाला है और आर्थिक मामले में भी खूब लाभ कमाएंगे। बड़ी मात्रा में कहीं से धन लाभ होने के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती जाएगी। कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति भी अच्छी बनी रहेगी, जिससे मन को सुकून महसूस होगा।

**सिंह राशि :** अगर स्वास्थ्य सही नहीं चल रहा था, तो अब आपको राहत मिल सकती है। इसी के चलते कार्यक्षेत्र में भी आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कामकाज को लेकर ज्यादा सक्रिय रह सकते हैं।

**कन्या राशि :** कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से आप किसी परियोजना को पूरा करने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आपकी रचनात्मक क्षमता में भी वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर परिस्थितियों के अनुसार समझदारी और बुद्धिमानी से फैसले लेना लाभदायक सिद्ध होगा। आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा और आप खूब लाभ कमाएंगे।

**तुला राशि:** व्यापार में साझेदारी और संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे में आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। लेकिन आपको काम और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखना होगा, अन्यथा तनाव उत्पन्न हो सकता है। समझदारी से फैसले लेने से आप परिस्थितियों को बेहतर बना लेंगे।

**वृश्चिक राशि:** कार्यक्षेत्र में साहसिक निर्णय लेने और कार्य करने से उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे और सफलता भी प्राप्त करेंगे। लेकिन शारीरिक और मानसिक थकान कुछ परेशान कर सकती है। कुछ मामलों में आपको कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**धनु राशि :** दिन मिलाजुला रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में आपको अपने जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी अन्य व्यक्ति के काम में वक्त लगाने से बचें, अन्यथा आपके महत्वपूर्ण कार्य अधूरे रह सकते हैं।

**मकर राशि :** आपको कुछ बदलावों का सामना करना पड़ सकता है और कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। लेकिन धीरे-धीरे स्थिति बेहतर होती जाएगी और आप उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ने लगेंगे। परिस्थितियों का आकलन करके उसके अनुसार फैसले लेने से आपको लाभ होगा।

**कुंभ राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल सकता है। ऐसे में जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें। अपने पुराने अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मीन राशि :** व्यापार के मामले में आपको अपनी अपेक्षा से कम लाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे मन थोड़ा परेशान रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। परिवार की ओर से सहयोग थोड़ा कम रहने से भी चिंता बढ़ेगी। वहीं, नौकरी के मामले में भी दिन ज्यादा अच्छा नहीं रहेगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अपने अधिकार भी जानें महिलाएं, जान से मार देने की घटनाएं कब रुकेंगी?

> निकिता और उसकी बहन ने डिजिटल मीडिया पर सक्रिय होने के बावजूद अपने पर हो रहे अत्याचारों को लोगों तक नहीं क्यों नहीं पहुंचाया यह प्रश्न विचारणीय है। यदि कागजों में कैद नियमों को धरातल पर सही से उतारा जाए तो शायद परिदृश्य कुछ और होगा और बेखौफ अपराधी अपराध को अंजाम देने के पहले हजार बार सोचेंगे।

पा ग्रेटर नोएडा के निकिता भाटी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बर्बरता का जो वीडियो समाचार चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया गया, वह किसी को भी सदियों से चले आ रहे पितृसत्तात्मक सोच से रूबरू कराने के लिए काफी है, जहां बल प्रयोग ही मर्दानगी को जताने का उत्तम तरीका माना जाता रहा है। यह मर्दानगी का भ्रम ही है, जो दुष्कर्म, हत्या, हिंसा के रूप में सामने आता रहता है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस घटना में सिर्फ एक नहीं, बल्कि दो-दो महिलाएं पुरुषवादी सोच का शिकार हुई हैं। एक निकिता और दूसरी उसकी सास, जो अपने बेटे का साथ देकर एक महिला होकर भी महिला पर हो रही हिंसा में सहयोगी बनी। यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी महिला को जलाया या मारा गया हो। कभी परंपरा, कभी दहेज, कभी चरित्र तो कभी डायन करार देकर स्त्रियों को जलाए जाने की घटनाओं का सिलसिला न जाने कब से कायम है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की मंशा को आत्मसात करने की बात तो की जाती है, लेकिन बेटियों को व्यवस्था की भेंट चढ़ने से हम रोक नहीं पा रहे हैं। यहां सिमोन दी बोउवा का एक कथन याद आता है कि लड़की



पैदा नहीं होती, बल्कि बनाई जाती है। एक बेटी के जन्म के बाद से जिस तरीके से लड़की होने की दुहाई देकर उसकी परवरिश की जाती है, धीरे-धीरे उसमें विरोध की क्षमता ही खत्म हो जाती है और वह शोषण सहना ही अपनी नियति समझ लेती है। आज भी आम तौर पर बेटी को मायके से यह कहकर विदा किया जाता है कि मायके से डोली उठती है और ससुराल से अर्थी। और डोली उठते ही एक लड़की का या तो मायका होता है या फिर ससुराल, उसका खुद का घर कहां खो जाता है, वह पता ही नहीं चलता, जहां वह हक से और अपने हिसाब से अधिकारपूर्वक रह सके। ऐसी स्थिति में यदि कोई महिला आत्मनिर्भर नहीं है तो वह चाहकर भी विरोध नहीं कर पाती है। दूसरा लोक-लाज के लिहाज के बोझ तले महिलाएं आज भी दबी हुई हैं। उनका दबा होना महिला सशक्तीकरण की बातों को खोखली साबित करता दिखता है। इस परिस्थिति में यदि कोई महिला विरोध करने की हिम्मत जुटा भी लेती है तो व्यवस्था का शिकार हो जाती है। अपने देश में पीड़ित न्याय के लिए आज भी थानों और अदालतों में ठोकर खाते हैं। महिलाओं को न्याय देने के लिए वन स्टाप सेंटर बनाए गए, महिला आयोग का गठन किया गया, लेकिन वे प्रभावी नहीं सिद्ध हो रहे हैं। कई बार अपराधी बेखौफ हो दिखते हैं और व्यवस्था धवस्त। ग्रेटर नोएडा की घटना में अत्याचार की एक और कड़ी है, जिसमें भारी-भरकम दिखावे वाली शादियों और दहेज के नाम पर लड़की वालों से धन वसूली की प्रथा ने बेटी का बाप होना अभिशापित बना दिया है। दहेज लेना और देना, दोनों ही कानूनन अपराध हैं, लेकिन यह जुल्म सदियों से किसी-न-किसी रूप में आज भी समाज में व्याप्त है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? आम तौर पर हर माता-पिता चुपचाप बेटी के ससुराल वालों की मनचाही इच्छाओं को पूरा करते रहते हैं और एक तरह से खुद भी अपराधी बन जाते हैं। लाचार और मजबूर माता-पिता को यह अहसास ही नहीं होता कि देहज प्रथा की आड़ में वे कई अपराधों की नींव रख रहे हैं। अनजाने में वे अनचाही मांगों को पूरा करते रहते हैं और बेटी के घर को बचाने की कोशिश करते हैं। वे न तो इसकी शिकायत करते हैं और न ही बेटी पर हो रहे अत्याचार को तब तक रोकने की पहल करते हैं, जब तक कि आग की लपटें उनके घर तक न पहुंच जाएं। निकिता के पिता ने भारी भरकम दहेज दिया था। उसकी मौत के मामले में पति विपिन भाटी की गिरफ्तारी के बाद से कई बातें सामने आ रही हैं।

हत्या हो या आत्महत्या, दोनों ही स्थितियों में फिलहाल शक की सुई विपिन और उसके परिवार वालों पर जा रही है। दोषी कोई भी हो, उसे सजा मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि आज की महिलाएं पहले की तुलना में काफी क्षमतावान हो चुकी हैं। उनके पास तकनीक की ताकत है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। उनके हाथों में ऐसी शक्ति है, जिससे वे अपनी बातों को दूर तक पहुंचा सकती हैं, परंतु दुर्भाग्यवश आज की तमाम महिलाएं फैशन में तो अपडेट रहती हैं, लेकिन अपने अधिकारों के प्रति अपडेट नहीं हो पाई। वे यह नहीं पूछ पाई कि आखिर पुरुषों की लंबी उम्र की कामना बहन, मां या पत्नी ही क्यों करें? पति, भाई या पिता क्यों नहीं ऐसा करते? पतिव्रता पत्नी ही क्यों बने, पति पत्निव्रता क्यों न बने? निकिता और उसकी बहन ने डिजिटल मीडिया पर सक्रिय होने के बावजूद अपने पर हो रहे अत्याचारों को लोगों तक नहीं क्यों नहीं पहुंचाया, यह प्रश्न विचारणीय है। यदि कागजों में कैद नियमों को धरातल पर सही से उतारा जाए तो शायद परिदृश्य कुछ और होगा और बेखौफ अपराधी अपराध को अंजाम देने के पहले हजार बार सोचेंगे। जब ऐसा होगा तभी हमारे समाज में लोग बेटियों को बचा पाएंगे और पढ़ा पाएंगे।

# भारत की शक्ति और हर वैश्विक साझेदारी का भविष्य-लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स का संगम

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारत आज केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है,बल्कि यह विश्व के लिए आशा,स्थिरता और अवसरों का केंद्र बन चुका है। भारत आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसे केवल एक राष्ट्र की उपलब्धि कहना कम होगा।यह 21वीं सदी के उस नए युग की शुरूआत है यह स्वतंत्रता के 75 से अधिक वर्षों की यात्रा में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि, लोकतंत्र केवल एक शासन पद्धति नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है।इसके साथ ही, भारत की जनसांख्यिकी और विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स ने उसे ऐसे मुकाम पर ला खड़ा किया है, जहां से वह न केवल अपने नागरिकों के भविष्य को संवार सकता है,बल्कि पूरे विश्व के विकास की दिशा भी तय कर सकता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से यह लेख तीन मुख्यस्तंभों, लोकतंत्र की शक्ति, जनसांख्यिकीय लाभ और स्किल्ड वर्कफोर्स की क्षमता पर आधारित है, जिनकी वजह से भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच हर रिश्ते को ₹विन-विन सिचुएशन₹ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।




साथियों बात अगर हम भारत की पहली सबसे बड़ी ताकत की करें तो,भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।1950 में संविधान लागू होने के बाद से आज तक भारत ने चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन, नीति निर्माण और नागरिक अधिकारों को जिस मजबूती से कायम रखा है, वह विश्व के लिए उदाहरण है। लोकतंत्र का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिक भागीदारी, न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन की नींव पर खड़ा है। विविधता में एकता इसका सबसे बड़ा परिचायक है, जहां 22 आधिकारिक भाषाएँ, हजारों बोलियाँ, सैकड़ों धर्म-संप्रदाय और अलग-अलग संस्कृतियाँ होने के बावजूद लोग लोकतांत्रिक रूप से एकजुट रहते हैं। भारत का लोकतंत्र वैश्विक कंपनियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है क्योंकि वे जानती हैं कि यहां नीतियाँ पारदर्शी हैं, कानून का शासन है और निवेशकों के हितों की रक्षा की जाती है।दुनिया के कई हिस्सों में अधिनायकवाद और राजनीतिक अस्थिरता देखने को मिलती है। अफ्रीकी और एशियाई देशों में सत्ता परिवर्तन अक्सर हिंसा और अराजकता का कारण बनते हैं।इसके विपरीत भारत ने अपने लोकतांत्रिक ढांचे से स्थिरता का माहौल तैयार किया है। यही कारण है कि विश्व की बड़ी कंपनियाँ भारत को ₹सेफ हैवन₹ के रूप में देखती हैं। चीन या रूस जैसे देशों में निवेश करने पर राजनीतिक जोखिम अधिक होता है, जबकि भारत में लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ स्थिर रहें और निवेश सुरक्षित रहे। यह लोकतंत्र की वही शक्ति है जो भारत को अलग पहचान दिलाती है।

साथियों बात अगर हम भारत की दूसरी सबसे बड़ी ताकत की करें तो वह है उसकी जनसांख्यिकी।वर्तमान समय में भारत की आबादी लगभग 1.43 अरब है और इसमें से 65 पेर्सेंट से अधिक लोग 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में आते हैं। यह स्थिति भारत को दुनियाँ की सबसे युवा आबादी वाला देश बनाती है। युवा आबादी किसी भी राष्ट्र के लिए ऊर्जा, नवाचार और विकास का प्रतीक होती है। जब यूरोप और जापान जैसे विकसित देश बूढ़ी होती आबादी की समस्या से जूझ रहे हैं, तब भारत के पास एक ऐसा डेमोग्राफिक एडवांटेज है जो उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बना सकता है।भारत की युवा पीढ़ी तकनीक अपनाने में सबसे आगे है। वे न केवल नई तकनीकों को अपनाते हैं बल्कि स्टार्टअप्स और उद्यमिता की ओर भी बढ़ रहे हैं। यही कारण है कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।₹मेक इन इंडिया₹,₹स्टार्टअप इंडिया₹ और ₹डिजिटल इंडिया₹ जैसी योजनाएँ इसी युवा ऊर्जा का परिणाम हैं। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड भारत को न केवल घरेलू विकास की दिशा में मजबूत बना रहा है बल्कि विश्व के लिए भी अवसर पैदा कर रहा है।भारत की यह जनसांख्यिकी वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। भारत हर साल लाखों इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजमेंट प्रोफेशनल तैयार करता है। यह वर्कफोर्स पूरी दुनिया की जरूरतें पूरी करता है। भारतीय पेशेवर आज अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों और अफ्रीका तक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह युवा आबादी उपभोक्ता बाजार के रूप में भी बेहद आकर्षक है। युवा वर्ग नई तकनीकों, डिजिटल सेवाओं और उपभोक्ता उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है। यही कारण है कि वैश्विक कंपनियाँ भारत को भविष्य का सबसे बड़ा बाजार मानती हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की तीसरी और सबसे महत्वपूर्ण शक्ति की करें तो वह है उसका विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स। भारत के पास आज दुनिया का सबसे बड़ा स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स पूल है।आईटी, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग, रिसर्च, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में भारतीयों ने अपनी प्रतिभा से पूरी दुनिया में पहचान बनाई है। बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहर वैश्विक आईटी हब के रूप में उभर चुके हैं। भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिकी सिलिकॉन वैली की कंपनियों के लिए रीढ़ की हड्डी बन चुके हैं। हेल्थकेयर के क्षेत्र में भारतीय डॉक्टर और नर्स पूरी दुनिया में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान यह साफ दिखाई दिया कि भारतीय मेडिकल प्रोफेशनल्स की क्षमता कितनी विशाल है। मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। ₹मेक इन इंडिया₹ अभियान ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है और भारत में उत्पादन का माहौल तैयार किया है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जिसने लाखों रोजगार पैदा किए हैं। यह स्किल्ड वर्कफोर्स केवल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचार और विकास के लिए भी अहम है।साथियों बातें कर हम इन तीनों कारकों,लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स,का संगम भारत को विश्व की बड़ी कंपनियों और सरकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की करें तो, जब कंपनियाँ भारत में निवेश करती हैं

# अर्थतंत्र की ताकत और विज्ञान की भूमिका राष्ट्र के विकास के लिए सर्वोपरि

संजीव ठाकुर

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है। हमे केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ना होगा। तब जाकर सनातनी सांस्कृतिक,विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन यथोचित तरीके से हो पाएगा। भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों पुराणों और सनातनीं संस्कारों में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण तैयार किया है और वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, आत्म विश्वासके घटक मौजूद हों। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास की सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रही है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को एक दिन, वर्ष या दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है।

# पापा ने मम्मी को जलाकर मार डाला

## पहले पत्नी की हत्या की फिर गढ़ी आत्महत्या वाली कहानी, 7 साल की बेटी ने खोला राज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



**नवी मुंबई के एक व्यक्ति ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी को जलाकर मार डाला और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। हालांकि उसके झूठ का पदार्फाश हो गया। क्योंकि उसकी सात साल की बेटी ने पुलिस को बताया कि पिता ने उसकी मां को जला कर मार डाला।**

मुंबई/ठाणेः नवी मुंबई में एक आदमी ने अपनी पत्नी को जलाकर मार डाला। उसे शक था कि पत्नी के किसी और के साथ अवैध संबंध है। उसने इस घटना को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की सात साल की बेटी ने पूरी घटना देखी थी और पुलिस को बताया कि उसके पिता ने ही उसकी मां को जलाकर मारा है। यह घटना 25 अगस्त को उरण इलाके के पगोटेगांव में हुई थी। पुलिस के अनुसार, राजकुमार रामशिरोमणि साहू नाम के एक 35 साल के व्यक्ति को अपनी 32 वर्षीय पत्नी जगरानी पर अवैध संबंध का शक था। इसी शक के चलते उसने यह खौफनाक कदम उठाया। उरण पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक हनीफ मुलानी ने बताया कि आरोपी को अपनी पत्नी बुरी तरह से जल गई थी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और आग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुरू में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के बयान में कुछ झोल नजर आए। वरिष्ठ निरीक्षक हनीफ मुलानी ने कहा कि लेकिन हमारी जांच में उसकी कहानी में विसंगतियां पाई गईं। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और दंपती की सात साल की बेटी के बयान को ध्यान से देखा। इससे पता चला कि मामला कुछ और ही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने दावा किया था कि उसकी पत्नी ने खुद को कमरे में बंद कर आत्महत्या कर ली। लेकिन बच्ची ने पुलिस को सच बताया। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने उसकी मां को जला कर मार डाला। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। इसमें आरोपी घटना के बाद तड़के घर से बाहर निकलता हुआ दिखाई दिया। अधिकारी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सबूत था, जो उस व्यक्ति के इस दावे का खंडन करता है कि वह घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था।

मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक सबूत और चश्मदीद गवाह (बच्ची) के बयान के आधार पर पुलिस ने 26 अगस्त को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से हत्या का मामला है। हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह घरेलू हिंसा का एक क्रूर कृत्य था।

पुलिस अब इस मामले की आगे जांच कर रही है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आरोपी ने ऐसा क्यों किया और क्या इसमें कोई और भी शामिल है।

# तुम्हारी किडनी निकालकर खून भी बेच दूंगा

## कर्ज को लेकर दोस्त की पिटाई करते हुए दी धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




**नवी मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपने दोस्त पर कर्ज न चुका पाने पर हमला किया। आरोप है कि उसने दोस्त को किडनी निकालने की धमकी भी दी। यह घटना 9 अगस्त को हुई। पीड़ित ने 26 अगस्त को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।**

मुंबईः नवी मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपने दोस्त पर कर्ज न चुका पाने पर हमला किया। आरोप है कि उसने दोस्त को किडनी निकालने की धमकी भी दी।

यह घटना 9 अगस्त को हुई। पीड़ित ने 26 अगस्त को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि पीड़ित ने शिकायत में देरी के लिए किसी कारण का जिक्र नहीं किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित नवी मुंबई के पनवेल स्थित अकुरली निवासी एक ऑटो-रिक्शा चालक है। पुलिस ने बताया कि 2018 में पीड़ित ने ऑटो-रिक्शा खरीदने के लिए एक निजी बैंक से लोन लिया था और इसमें उसका यह दोस्त जमानतदार था। पनवेल थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार, ऑटो-रिक्शा चालक लोन की किश्तें चुकाने में विफल रहा। इस कारण बैंक ने उसका वाहन जब्त कर लिया और जमानतदार का खाता फ्रीज कर दिया। इसके बाद नौ अगस्त को दोनों लोग बैंक पहुंचे जहां, उनसे 36 हजार रुपये का बकाया चुकाने को कहा गया। अधिकारी ने बताया कि बैंक जाने के बाद आरोपी अपने दोस्त को मामले पर बात करने के बहाने मोटरसाइकिल पर पनवेल के वाजेगांव स्थित अपने घर ले गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने घर में अपने दोस्त को कुर्सी पर बैठाया और फिर कथित रूप से उसके हाथ-पैर बांध दिए तथा उसके मुंह में रूमाल ठूंसने के बाद उसकी पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित को धमकी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह उसकी किडनी निकाल लेगा और उसका खून बेच देगा। उन्होंने बताया कि हमले के दौरान आरोपी ने पीड़ित की जेब से 12,300 रुपये कथित तौर पर छीन लिए और उसे छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(7) (बंधक बनाना), 118(1) और 115(2) (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 351(2) (आपराधिक धमकी) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# मुंबई उच्च न्यायालय को 14 नए न्यायाधीश मिले



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय विधि मंत्रालय ने बताया कि 14 अधिवक्ताओं को मुंबई उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है। केंद्रीय विधि मंत्रालय के अनुसार 14 नए अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति बुधवार को की गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एक अगस्त तक मुंबई उच्च न्यायालय 94 स्वीकृत पदों के मुकाबले 66 न्यायाधीशों के साथ कार्य कर रहा था, यानी अदालत में 28 न्यायाधीशों की कमी थी। अतिरिक्त न्यायाधीशों को आमतौर पर न्यायाधीश या स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए जाने से पहले दो साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है।

फास्ट ट्रैक

## वसई रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 06 एवं 07 पर दूसरे उत्तरी पैदल ऊपरी पुल की दक्षिणी सीढ़ियाँ हटाई जाएँगी

मुंबई, वसई रोड स्टेशन के स्टेशन सुधार कार्य के दृष्टिगत, प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 एवं 7 पर स्थित दूसरे उत्तरी पैदल ऊपरी पुल (ऋडइ) की दक्षिणी सीढ़ियों को एलिवेटेड डेक की नींव का कार्य करने हेतु हटाया जाना प्रस्तावित है। अतः यह सीढ़ियाँ 29 अगस्त, 2025 की रात से यात्रियों के लिए बंद रहेंगी। इस अवधि में यात्री दूसरे उत्तरी पैदल ऊपरी पुल की उत्तरी सीढ़ियों तथा मौजूदा उत्तरी पैदल ऊपरी पुल की दक्षिणी सीढ़ियों का उपयोग कर सकते हैं। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा खेद व्यक्त किया गया है।

## मुंबई में सामाजिक कार्यकर्ता सरिता खानचंदानी ने दी जान

### महाराष्ट्र में डीजे बंद कराने में निभाई थी अहम भूमिका

मुंबई के उल्हासनगर नगर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आ रही है। मुंबई के मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता सरिता खानचंदानी ने अपने आवास की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। उनके कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची विठ्ठलवाड़ी थाने की पुलिस ने शव को कब्ते में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि सरिता खानचंदानी ने सामाजिक कार्यों के जरिए महाराष्ट्र में डीजे बंद करवाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## 22 दिन पहले नौकरी जॉइन की, फिर पुणे के रेस्तरां एंड बार के मालिक को मार डाला

पुणे : महाराष्ट्र की आईटी सिटी पुणे में एक हैरान कर देने वाली घटना हुई। यहां उत्तम नगर इलाके के पीकॉक रेस्टोरेंट एंड बार में काम करने वाले एक वेटर ने अपने मालिक की ही हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वेटर शराब का लती थी। मालिक ने उसे कई बार शराब पीने के लिए टोका था। मंगलवार देर रात उसने फिर शराब पी तो मालिक ने उसे डांटा। इसी बात पर गुस्से में आकर वेटर ने मालिक को मार डाला। पुलिस ने आरोपी वेटर को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तम नगर पुलिस ने बताया कि संतोष सुंदर शेट्टी 44 साल के ते। वह शिवणे के स्नेहा विहार में अपने परिवार के साथ रहते थे। उनका कोंढवे धावड़े में एनडीए रोड पर के बार एंड रेस्टोरेंट था। 22 दिन पहले उमेश दिलीप गिरी (38) नाम का शख्स उनके यहां काम मांगने आया था। उन्होंने उसे वेटर की नौकरी पर रख लिया। उत्तम नगर पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर मोहन खंदारे ने बताया कि उमेश रेस्टोरेंट में काम करते समय शराब पी लेता था। उसे संतोष ने डांटा था। मंगलवार को वह चुपचाप शराब पी रहा था। इसी दौरान संतोष शेट्टी ने उसे देख लिया। उसे चेतावनी दी और कहा कि अगर वह शराब के नशे में काम करते हुए मिला तो वह उसे नौकरी से निकाल देगा। पुलिस ने बताया कि इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। उमेश ने कहा कि वह उसे नौकरी से क्या निकालेगा, वह खुद नौकरी छोड़ रहा है। उसने संतोष से कहा कि उसका हिसाब करके उसका वेतन दे दें। संतोष शेट्टी ने उसे सैलरी देने से इनकार कर दिया। होटल में काम करने वालों ने बताया कि उमेश ने पहले ही कुछ अडवांस ले रखा था और महज 22 दिन काम किया था इसलिए मालिक ने उससे कहा कि उसकी कोई सैलरी नहीं बनती। उमेश गुस्से में आ गया और किचन की तरफ भागा। किसी को अंदाजा नहीं था कि वह क्या करने वाला है। वह किचन से चाकू लाया और संतोष शेट्टी पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि उस समय संतोष रेस्टोरेंट के कैश काउंटर पर बैठे थे।




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**कल्याण (पूर्व) के विंध्यवासिनी कृपा निवासी जाह्नवी राजेश माली के घर पर पांचवें वर्ष स्थापित किए गए श्री गणेश बाप्पा की आकर्षक एवं मनमोहक मूर्ति।**

# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, यात्रियों की सुविधा हेतु तथा दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर बढ़ती हुई यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए, पश्चिम रेलवे द्वारा उधना झ मालदा टाउन तथा वडोदरा कोलकाता के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 03418/03417 उधना झ मालदा टाउन साप्ताहिक स्पेशल [14 फेरे]

ट्रेन संख्या 03418 उधना झ मालदा टाउन स्पेशल प्रत्येक सोमवार को उधना से 12:30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 02:55 बजे मालदा टाउन पहुँचेगी। यह ट्रेन 29 सितम्बर से 10 नवम्बर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 03417 मालदा टाउन झ उधना स्पेशल प्रत्येक शनिवार को मालदा टाउन से 12:20 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 00:45 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 27 सितम्बर से 08 नवम्बर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, दोंडाइचा, अमलनेर, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, मदन महल, कटनी, सतना, माणिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरहरवा तथा न्यू फरक्का स्टेशनों पर ठहरेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास एवं द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

2. ट्रेन संख्या 03110/03109 वडोदरा झ कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 03110 वडोदरा झ कोलकाता स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को वडोदरा से 16:45 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 04:05 बजे कोलकाता पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवम्बर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 03109 कोलकाता झ वडोदरा स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को कोलकाता से 08:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:45 बजे वडोदरा पहुँचेगी। यह ट्रेन 30 सितम्बर से 25 नवम्बर, 2025 तक चलेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में गोधरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, इदगाह आगरा, टुंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर तथा बर्द्धमान स्टेशनों पर ठहरेगी।इस ट्रेन में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास एवं द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 03418 एवं 03110 की बुकिंग 30 अगस्?त, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।


**मध्य रेल**
**सोलापुर विभाग**
**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदये आमंत्रित करते है . **निविदा क्र.:** 23-2025-SrDENS, **कार्य का नाम:** Supplying and stacking on Railway ground 65mm machine crushed stone ballast as per latest specification of RDSO/LKO of Feb-2023 with latest amendments including royalty and fees etc and loading the same into Railway hoppers/wagons etc as directed by ADEN at site at HQR depot (Total 50,000 m3). **अनुमानित लागत रु.:** 4,05,80,500.00, **बयाना रक्कम:** 3,52,900.00, **समापन की अवधी:** 18 Months, **अनुरक्षण की अवधी :** NA, **www.ireps.gov.in** इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय 15/09/2025 को 15.00 बजे तक, **www.ireps.gov.in** इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 15/09/2025 को 15.30 बजे । निविदाकारोंसे निवेदन हें की कोई बदलाव / शुद्धिपत्र ( यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे ।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), सोलापुर**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है SLP-53


# वसई विरार शहर में 116 जगहों पर कृत्रिम तालाब

## मूर्ति विसर्जन के लिए नगर निगम की मशीनरी तैयार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



राज्य सरकार के निदेर्शों के अनुसार, नगर निगम ने इस वर्ष गणेशोत्सव के दौरान छह फीट से कम ऊँचाई वाली सभी मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में करने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार, शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल 116 कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं और प्रशासन की मशीनरी विसर्जन के लिए तैयार है। वसई विरार शहर में हर साल गणेशोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। घरेलू और सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों की संख्या 25 हजार से ज्यादा है। इन सभी मूर्तियों के विसर्जन के लिए मनपा खाड़ियों, प्राकृतिक तालाबों और समुद्र तटों पर सुविधाएँ प्रदान करता है, लेकिन इस वर्ष राज्य सरकार ने 21 जुलाई, 2025 को संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं।

इन निदेर्शों के अनुसार, छह फीट से कम ऊँचाई वाली मूर्तियों का विसर्जन केवल कृत्रिम तालाबों में ही किया जाना चाहिए। इसमें शाडू और POP की मूर्तियाँ शामिल हैं। इसलिए, इस वर्ष छह फीट से कम ऊँचाई वाली सभी मूर्तियों को कृत्रिम तालाबों में विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा, जबकि छह फीट से बड़ी मूर्तियों का विसर्जन सीधे खाड़ियों या बड़े तालाबों में किया जाएगा।

आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि इन विसर्जन स्थलों पर आवश्यक जनशक्ति तैनात की जाएगी और स्वीकृत केंद्रों की व्यवस्था कर ली गई है।

प्रभाग स्तर पर कृत्रिम तालाबों की संख्या

प्रभाग A- 19 प्रभाग इ - 14
प्रभाग C - 21
प्रभाग D - 10, प्रभाग E - 13
प्रभाग F - 11
प्रभाग G - 11 प्रभाग H - 07
प्रभाग क - 10

डेढ़ दिन की गणपति बप्पा को भावभीनी विदाई

वसई विरार शहर महानगरपालिका द्वारा गणेश विसर्जन के लिए इस वर्ष कुल 116 स्थलों पर कृत्रिम तालाबों का निर्माण किया गया है। डेढ़ दिन के गणपति बप्पा का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और पर्यावरण-संवेदनशीलता के साथ इन तालाबों में किया जा रहा है।महानगरपालिका की इस पहल को नागरिकों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। कृत्रिम तालाबों पर भक्तों की भारी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता बढ़ रही है। यह प्रयास न केवल धार्मिक आस्था को सन्मान देता है, बल्कि प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।यह संपूर्ण कार्य आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी के आदेशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे एवं दीपक सावंत के कुशल मार्गदर्शन में, महानगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति और सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हो रहा है।

## कान में झुमका, फैंसी दुप्पटा..., महाराष्ट्र पहुंचीं कथावाचक जया किशोरी ने बताया उन्हें क्या पसंद है

**महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की धूम के बीच पहुंची कथावाचक जया किशोरी ने अपनी पंसद पर खुलकर बात की। पुणे में कार्यक्रम के दौरान बेहद आकर्षक लग रही जया किशोरी ने गणेशोत्सव के आयोजन पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने यह भी बताया कि बप्पा से क्या कुछ मांगा?**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी महाराष्ट्र के पुणे के एक अलग अंदाज में नजर आईं। गणपति मंडल के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पहुंची जया किशोरी ने अपनी पंसद से लेकर शादी के सवाल पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र आकर खुशी मिलती है क्योंकि उनकी मां महाराष्ट्र से हैं। उनका यहां पर ननिहाल है। ऐसे में महाराष्ट्र का खानपान उन्हें पंसद हैं। गणपति के प्राण प्रतिष्ठा में बुलाए जाने पर उन्होंने कहा कि मेरा प्रमोशन हो रहा है। मैं पिछली बार आरती में आई थी लेकिन इस बार प्राण-प्रतिष्ठा में आई हूं। कानों में झुमके और फैंसी दुप्पटा डालकर पहुंची जया किशोरी श्रीमंत बाबूसाहेब रंगारी गणपति के कार्यक्रम में आर्कषण का केंद्र बनी रहीं। जया किशोरी ने लोगों ने कहा कि अगले 10 दिनों के लिए आधुनिकता का त्याग कर दे और फिर भक्ति में लीन रहें। अपनी शादी पर बोलीं जया किशोरीजया किशोरी से जब यह पूछा गया कि उनकी शादी को लेकर अक्सर सवाल होता है। उन्होंने बप्पा से क्या मांगा? इस पर जया किशोरी ने कहा कि मैंने बप्पा से अपनी शादी के लिए कुछ नहीं मांगा, वो हो जाएगी। मैंने बस इतना ही मांगा है कि सब पर भगवान की कृपा बनी रहे। जया किशोरी मूलरूप से राजस्थान की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी कथा और भजनों से बड़ी पहचान बनाई है। गणपति की स्थापना के मौके पर बेहद खुश दिख रहीं जया किशोरी ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों से ज्यादा कला किसी के पास नहीं है। उन्होंने अपील की कि स्थानीय लोगों को मौका दें।


**पश्चिम मध्य रेल**
**मुख्य कारखाना प्रबन्धक माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा**
**निविदा सं. M-324-Wagon Body-Ten-01RE**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र. माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा आमंत्रित करते हैः **टेण्डर सं.** M-324-Wagon Body-Ten-01RE, **कार्य का विवरणः** माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में माइल्ड स्टील ओर स्टेनलेस स्टील (बॉक्सएन और बीसीएल ग्रुप) वैगनों में बॉडी मरम्मत के कार्य की आउटसोर्सिंगए जिसमें 12 महीने की अवधि के लिए ठेकेदार द्वारा बेल्डिंग मशीनों की व्यवस्था भी शामिल है। **अनुमानित लागत रु में:** रुपये 6,66,79,200.00/–, **निविदा प्रपत्र राशि रु में:** निल, **बयाना राशि रु. में :** रुपये 4,83,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **निविदा बंद/खोलने की तारीख ओर समयः** बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 25.09.2025 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक 25.09.2025 ई–निवदा वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** इन पर अपलोड की गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबन्धक कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता हैं ऑफर सिर्फ ई. निविदा के माध्यम सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

(हस्ता)
**उप मुख्य यांत्रिक इंजी.–II**
**मा.डि.म. कारखाना, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र, राज्य के जिलों के लिए अलर्ट!

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से राज्य भर में एक बार फिर मानसूनी बारिश सक्रिय हो गई है। इसके चलते कोंकण, मराठवाड़ा और विदर्भ में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।बीमौसम विभाग ने आज मध्य महाराष्ट्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि दक्षिण महाराष्ट्र को छोड़कर शेष महाराष्ट्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।विदर्भ के सभी 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 28 से 31 अगस्त के बीच भारी बारिश का अनुमान है।विदर्भ के सभी 11 जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।मौसम विभाग ने कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ में कई जगहों पर भारी बारिश और कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। भंडारा, गोंदिया, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में भारी बारिश की संभावना है, जबकि विदर्भ के बाकी जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है।मौसम विभाग ने मुंबई शहर और उपनगरों में कई जगहों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। पुणे, अहिल्यानगर, नासिक, जलगाँव, धुले, नंदुरबार जिलों के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ भारी बारिश का अनुमान है।घाटों पर बहुत भारी बारिश का अनुमान है।सतारा, सांगली, कोल्हापुर, सोलापुर में कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश की भी संभावना है।मराठवाड़ा में, लातूर और धाराशिव को छोड़कर, जालना, परभणी और नांदेड़ जिलों में भारी बारिश की संभावना है, जबकि संभाजीनगर, बीड, हिंगोली जिलों में भारी बारिश की संभावना है।बीपूर्वी विदर्भ में भारी बारिश हुई है, जिसमें सिंदेवाही में सबसे ज्यादा 111 मिमी बारिश दर्ज की गई। हालांकि, राज्य के बाकी हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है।बुधवार सुबह तक पिछले 24 घंटों में नागपुर में राज्य का सबसे ज्यादा तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।बंगाल की खाड़ी से लगे ओडिशा तट पर एक प्रमुख निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है और इसके आस-पास समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर की ऊँचाई पर चक्रवाती हवाएँ चल रही हैं।इस चक्रवात के आज ओडिशा पहुँचने की संभावना है।मानसूनी प्रभाव वाला एक निम्न दबाव का क्षेत्र बीकानेर से दमोह तक, पेंड्रा रोड से पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है।

## गणेश आरोग्य' पहल के माध्यम से राज्य भर के नागरिकों की स्वास्थ्य जाँच एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, श्री गणेशोत्सव के पावन वातावरण में नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु, मुख्यमंत्री सहायता कोष और धर्मार्थ अस्पताल सहायता प्रकोष्ठ ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना के तहत, इस विशेष अभियान 'श्री गणेश आरोग्य' के अंतर्गत महाराष्ट्र के 36 जिलों में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहायता कोष प्रकोष्ठ, महात्मा फुले जन आरोग्य योजना, सरकारी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और धर्मार्थ अस्पतालों से संबद्ध विशेषज्ञ चिकित्सक इस पहल में संयुक्त रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा, बड़ी संख्या में गणेश मंडलों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया है। मंडपों में या उसके आसपास लगाए गए शिविरों में गणेश भक्तों और स्थानीय नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की जा रही है।

### नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सतत जागरूकता

शिविरों के माध्यम से नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और जाँच के दौरान बीमार पाए जाने वाले रोगियों को संबंधित योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस पहल का उद्देश्य केवल जाँच तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सतत जागरूकता पैदा करना भी है। प्रत्येक जिले में स्थापित प्रकोष्ठों की ओर से गणेश मंडलों से संपर्क कर भव्य स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महात्मा फुले जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों, स्थानीय चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ-साथ धर्मार्थ अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों और उनकी पूरी टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया है।

### गणेश मंडलों द्वारा व्यापक जागरूकता

पिछले एक सप्ताह से, गणेश मंडल इस पहल के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए बैनर और पर्चों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चला रहे हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में नागरिक और श्रद्धालु इन शिविरों का लाभ उठाने के लिए आगे आ रहे हैं। स्वास्थ्य जाँच के माध्यम से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर आदि जैसी बीमारियों का शीघ्र निदान और समय पर उपचार संभव हो सकेगा। गणेशोत्सव जैसे बड़े त्योहार की पृष्ठभूमि में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का एक अभिनव विचार है। इस पहल 'श्री गणेश आरोग्य' के माध्यम से, हजारों नागरिकों को अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कराने का अवसर मिल रहा है। जांच के दौरान जिन रोगियों में रोग पाया जाएगा, उनका निःशुल्क उपचार भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री सहायता कोष एवं धर्मार्थ अस्पताल सहायता डेस्क के प्रमुख श्री रामेश्वर नाईक ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जनोन्मुखी और जनहित का एक अच्छा उदाहरण साबित हो रही है।

फास्ट ट्रैक

## नेशनल हाईवे पर स्मैक तस्करी का भंडाफोड़

### बरेली के दो तस्करों से 102 ग्राम स्मैक बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गांव हुलास नगला के पास से दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बरेली जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पहले आरोपी का नाम लियाकत (55) है, जो बन्ने खान का पुत्र है। दूसरा आरोपी इरशाद खान (26) है, जो अबरार खान का पुत्र है। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके पास से 102 ग्राम स्मैक मिली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह स्मैक फरीदपुर के शब्बीर से लाए थे। इसे उन्हें नीली जींस और सफेद शर्ट पहने एक व्यक्ति को देना था। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि वे स्मैक बेचकर अपना जीवन यापन करते हैं। उप निरीक्षक मनोज कुमार और उनकी टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जुगल किशोर पाल के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## बाल देखभाल संस्थानों में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए मासूम

### मुख्यमंत्री के संवेदनशील निर्णय से 3,337 बच्चे लाभान्वित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,महिला एवं बाल विकास विभाग, राज्य के बाल देखभाल संस्थानों (उउक) में रहने वाले संकटग्रस्त और कानूनी रूप से विकलांग बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और परामर्श प्रदान करने के लिए एमपावर संस्था के माध्यम से मासूम परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के संवेदनशील निर्णय के कारण, इस परियोजना से अब तक 3,337 बच्चे लाभान्वित हुए हैं और कुल 9593 व्यक्तिगत परामर्श सत्र आयोजित किए गए हैं। महाराष्ट्र का महिला एवं बाल विकास विभाग (WCD) राज्य में बाल कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के कार्य को सुदृढ़ करने के लिए आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एमपावर पहल के माध्यम से 'मासूम' परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत, बाल देखभाल संस्थानों (CCI) में रहने वाले संकटग्रस्त और कानूनी विवादों में फंसे बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ और परामर्श प्रदान किया जाता है। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी पहल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में शुरू की गई है। सेवा और प्रतिबद्धता की इसी भावना के साथ, एमपावर और आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती नीरजा बिड़ला ने कई पहलों को क्रियान्वित किया है। उनके प्रयासों से, 18 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुँचते हुए, एमपावर दक्षिण एशिया में मानसिक स्वास्थ्य साक्षरता, क्षमता निर्माण और सामुदायिक संपर्क पर केंद्रित सबसे बड़ा निजी मंच बन गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद, यह परियोजना मुंबई, पुणे, ठाणे, नागपुर और नासिक में क्रियान्वित की जा रही है। कुल 19 बाल देखभाल संस्थानों को पाँच मनोवैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत, मनोवैज्ञानिक बारी-बारी से बाल कल्याण संस्थानों का दौरा करते हैं, मौके पर ही परामर्श देते हैं, बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य जाँच करते हैं और आवश्यकतानुसार चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हैं।इसके अतिरिक्त, गंभीर मामलों में, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) और किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को विशेषज्ञ सहायता प्रदान की जाती है। चिकित्सक तनाव पैमाना, आक्रामकता पैमाना, राज्य लक्षण चिंता परीक्षण, मनोवैज्ञानिक कल्याण पैमाना जैसे उपकरणों का उपयोग करके कुछ बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति का गहन मूल्यांकन करते हैं।बच्चों के परिवारों को परामर्श सुविधाएँ भी प्रदान की जाती हैं। इस परियोजना का उद्देश्य माता-पिता को परामर्श प्रदान करना है ताकि बच्चे पहले की तरह घर लौट सकें। मासूम परियोजना ने राज्य के बाल देखभाल संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया है और बच्चों के पुनर्वास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।इस परियोजना के बारे में बोलते हुए, एमपावर और आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की संस्थापक और अध्यक्ष नीरजा बिड़ला ने कहा कि राज्य के संस्थानों में रहने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्राथमिकता दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है।इस सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से, एमपावर का मिशन संकटग्रस्त और कानूनी विवादों में फंसे बच्चों को तत्काल आघात से राहत और व्यापक मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना है। प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों की मदद से, मौजूदा व्यवस्था को मजबूत करके बच्चों के पुनर्वास और समाज में पुनः एकीकरण के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के आवेदन 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , जिला परिषद ठाणे के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पशुपालन विभाग के माध्यम से विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, किसान, महिला एवं पशुपालन सहित सभी पात्र लाभार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र आवेदक 31 अगस्त, 2025 तक जिला परिषद की आधिकारिक वेबसाइट https://zpthaneschemes.com पर अपने आवेदन ऑनलाइन जमा करें, संबंधित विभाग द्वारा यह अपील की गई है।

## हिराली फाउंडेशन की अध्यक्षा एडवोकेट सरिता खानचंदानी ने बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. उल्हासनगर क्रमांक 4 निवासी प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता,पर्यावरण हितैषी,हिराली फाउंडेशन की अध्यक्षा एडवोकेट सरिता खानचंदानी ने गुरुवार 28 अगस्त दोपहर 12 बजे के आसपास उल्हासनगर क्रमांक 4 स्थित रोमा अपार्टमेंट की टेरिस से छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें बालाजी हॉस्पिटल, मैक्स लाइफ और अंत में डोंबिवली के एम्स अस्पताल में एडमिट करवाया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।उनकी ऐसी दर्दनाक मौत से संपूर्ण उल्हासनगर और आसपास के क्षेत्रों में हलचल मच गई। सूत्रों से पता चला है कि विगत कुछ दिनों से उनका किरायेदार से विवाद भी चल रहा था और किरायेदार ने उनके विरुद्ध विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी,ऐसी जानकारी मिली है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। परिमंडल 4 के डीसीपी सचिन गोरे ने इसकी पुष्टि की है। एडवोकेट सरिता खानचंदानी पर्यावरण और जनहितकारी मामलों में सदा तत्पर रहती थी। शहर में ध्वनि प्रदूषण,रात में डीजे चलाने के विरुद्ध उन्होंने न्यायालय की शरण भी ली थी। अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर के पास स्थित वालधुनी नदी के प्रदूषण और वृक्षों के कटान के विरुद्ध भी आवाज उठाई थी।

## गंगा में मछुआरे के जाल में फंसा घड़ियाल

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित छोड़ा, स्नान करने वालों को सावधान रहने की सलाह

मिर्जापुर, मिर्जापुर में न्याय पंचायत मुजेहरा के पास गंगा नदी में एक मछुआरे के जाल में मगरमच्छ फंस गया। मछुआरे ने बताया कि उन्होंने शाम को मछली पकड़ने के लिए जाल डाला था। अगली सुबह जब वह जाल की जांच करने गए, तो उन्हें लगभग 8 फीट लंबा मगरमच्छ जाल में फंसा मिला। मछुआरे ने हिम्मत नहीं हारी और कुछ ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को नाव के सहारे किनारे तक लाया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिपाही गेंदा के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मगरमच्छ को जाल से सुरक्षित निकालकर वापस गंगा में छोड़ दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने स्थानीय लोगों को गंगा में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मगरमच्छ की मौजूदगी से आसपास के गांवों के लोग सतर्क हो गए हैं।



## उल्हासनगर में पारिवारिक विवाद के चलते फायरिंग, जीजा ने साले पर चलाई गोली दो घायल।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. बुधवार 27 अगस्त की रात उल्हासनगर के हिल लाईन थाना क्षेत्र के साईनाथ कॉलोनी इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते गोलीबारी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और दूसरे पर तलवार से हमला किया गया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोनू शेख नाम के एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने साले योगेश मिश्रा पर गोली चला दी। गोली लगने से योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तुरंत ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत गंभीर है। गोलीबारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति पर तलवार से भी हमला किया गया जिससे उसे भी मामूली चोटें आईं। हिल लाईन पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा करने के बाद गोलीबारी करने वाले आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी जुनैद शेख को गिरफ्तार कर लिया जबकि मुख्य आरोपी मोनू शेख, इकबाल शेख और एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें विभिन्न इलाकों में भेजी गई हैं।उक्त घटना के विषय में परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने कहा यह घटना पारिवारिक विवाद के कारण हुई। पता चला है कि घायल व्यक्ति आरोपी का साला है। हिल लाईन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना से साईनाथ कॉलोनी इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से कोन क्षेत्र में बाढ़

- हरसिंहपुर–मल्लेपुर समेत कई गांवों में घुसा पानी, दूसरी बार फसलें डूबीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मिर्जापुर में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से विकासखंड कोन क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बन गई है। हरसिंहपुर मल्लेपुर गांव में सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। लोग सुरक्षित स्थानों और घरों की छतों पर शरण ले रहे हैं। पिछले दो महीने में यह तीसरी बार है जब गंगा का जलस्तर बढ़ा है। इससे तटवर्ती इलाकों में चिंता का माहौल है।हरसिंहपुर, मल्लेपुर, मझरा, मवैया, तिलठी, मिश्रधाप समेत 30 से अधिक गांवों में दूसरी बार बोई गई सैकड़ों एकड़ सब्जी की फसल जलमग्न हो गई है।एक बार की बाढ़ से उबरने से पहले ही दोबारा बाढ़ आने से किसान परेशान हैं। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।एसडीएम सदर गुलाबचंद ने गुरुवार को क्षेत्र का दौरा किया।उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें पशुओं के साथ सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी।

आपात स्थिति के लिए प्रशासन से तुरंत संपर्क करने को कहा गया है। राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## अंबरनाथ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष प्रदीप पाटिल बने इंटक यूनियन के अध्यक्ष।

### इंटक ने नवीन कार्यकारिणी की भी घोषणा की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ. मंगलवार 26 अगस्त को आयुध निमार्णी संस्था अंबरनाथ में कार्यरत कर्मचारियों के संगठन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के अध्यक्ष पद पर अंबरनाथ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रदीप पाटिल को इंटक का अध्यक्ष एक बार पुनः नियुक्त किया गया है। महाराष्ट्र राज्य इंटक यूनियन के अध्यक्ष कैलाश कदम की स्वीकृति से संगठन ने नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष ही इंटक संगठन का पदेन अध्यक्ष भी होता है।नई कार्यकारिणी में प्रदीप पाटिल को अध्यक्ष,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वैद्य, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवीण उबाले, महासचिव दिनेश कांटे,संयुक्त सचिव हबीब अहमद और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। प्रवीण उबाले और दिनेश कांटे दो नए पदाधिकारी हैं जबकि शेष कार्यकारिणी पूर्ववत है। इंटक पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदीप पाटिल के एक बार फिर से कार्यभार संभालने से इंटक नए जोश के साथ कार्य करेगा और आगामी चुनावों में जीत हासिल करेगा। इंटक अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने अपने विचार रखते हुए सभी पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि हम सब मिलकर अंबरनाथ इंटक में एक नई जान फूंकेंगे और इंटक की ताकत बढ़ाएंगे और जहां भी संगठन को मेरी जरूरत होगी मैं वहां मजबूती से खड़ा रहूंगा।

## सूदखोर से परेशान व्यापारी की थाने में शिकायत

### 11 साल पहले लिया कर्ज, चुकाने के बाद भी मांग रहे 5000 रुपए महीना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर,जलालाबाद के नवीन नगर में एक व्यापारी को कर्ज चुकाने के बाद भी सूदखोर परेशान कर रहे हैं। व्यापारी अंसार हुसैन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अंसार ने बताया कि उन्होंने 2012 में रामनिवास गुप्ता से 2 लाख रुपए उधार लिए थे। उन्होंने नियमित रूप से ब्याज चुकाया और 2019 में मूल राशि भी पूरी तरह चुका दी। इसके बाद रामनिवास गुप्ता की मृत्यु हो गई। अब ओमपाल सिंह यादव, हिमांशु गुप्ता और राहुल गुप्ता उनसे 5000 रुपए प्रति माह की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि इन लोगों ने अंसार की दुकान पर आकर उनके बेटे फैज के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो जलालाबाद में नहीं रहने देंगे। दूसरी तरफ, ओमपाल सिंह यादव का कहना है कि वह सिर्फ सब्जी लेने गए थे। उनका आरोप है कि अंसार और उनके बेटों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने पैसों के लेनदेन की बात को झूठा बताया और कहा कि घटना के समय हिमांशु और राहुल मौजूद भी नहीं थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## उद्योग बंधु की बैठक

### जर्जर सड़कों और पेयजल समस्या का 10 दिन में समाधान करने का निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उद्योग बंधु की बैठक में शहर की बुनियादी समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में विधायक छानबे रिंकी कोल, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह मौजूद रहे। उद्यमियों ने शहरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के लिए खोदे गए गड्ढों की मरम्मत की मांग रखी। अर्बन महावीर रोड, लालडिग्गी तिराहा, पुतलीघर, गैवीघाट से मुसफ्फरगंज, रतनगंज ओवरब्रिज और लोहिया तालाब की सड़कों की तत्काल मरम्मत की मांग की गई। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को सभी सड़कों का निरीक्षण कर मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइप लीकेज की समस्याओं के तुरंत समाधान और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही टेढ़े विद्युत पोल को 10 दिन में बदलने और लटकते तारों की मरम्मत का आदेश दिया। इस दौरान बैठक में निवेश मित्र, सीएम युवा योजना, एमवाईएसवाई और ओडीओपी कालीन व पीतल योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा भी की गई।

## जीजा की नाबालिग बहन को साला भगाकर ले गया




- जलालाबाद में दोस्त ने की मदद, नकदी–जेवर भी साथ ले गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने अपने साले और उसके एक साथी पर बहन को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, लड़की के भाई ने बताया कि उनकी ससुराल ग्राम करमोरी, थाना कांट में है। उनका साला दीपू (मदनपाल का पुत्र) रिश्तेदारी के कारण कभी-कभी उनके घर आता-जाता था। उनकी बहन घर से चली गई। परिवार ने पहले समझा कि वह गांव में कहीं गई होगी। दो घंटे तक तलाश के बाद भी जब बहन का पता नहीं चला, तो अगले दिन पता चला कि दीपू और उसका साथी सुमित (अक्कू का पुत्र, निवासी ग्राम वैरगांपुर) उसे बहला-फुसलाकर ले गए हैं। पीड़िता की उम्र आधार कार्ड के अनुसार 15 वर्ष है।

भारत संवाद परिवार

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया

## बोले- रूसी तेल खरीद इसे बढ़ा रहे; आज सौदे बंद करो, कल एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म हो जाएगा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया है। नवारो ने बुधवार को ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। नवारो ने कहा, भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का



आरोप लगाया। उन्होंने कहा- रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है। नवारो ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है। दरअसल, ट्रम्प पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं। इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं। नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66% निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर था। नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया। उन्होंने कहा, भारत में 25% टैरिफ इसलिए लगाए गए क्योंकि वे व्यापार में हमारे साथ धोखाधड़ी करते हैं।

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा कि अगर भारत ने व्यापार को लेकर अपना रुख नहीं बदला तो ट्रम्प और सख्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत झुकने से इनकार करता है तो ट्रम्प भी पीछे नहीं हटेंगे। हैसेट ने कहा कि व्हाइट हाउस भारत के रवैये से निराश है क्योंकि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ दोगुना कर दिया है, लेकिन भारत अब भी अमेरिकी उत्पादों के लिए अपना बाजार खोलने को तैयार नहीं है।


अगर ऐसा ही रहा तो अमेरिका और कड़े कदम सकता है। हैसेट ने बताया कि भारत पर टैरिफ रूस पर दबाव बनाने के लिए लगाए गए हैं। ताकि रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराया जा सके। और लाखों लोगों की जान बच सके। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2% (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था।

# टैरिफ के बाद अमेरिका वीजा पर सख्त

## ट्रम्प के मंत्री बोले- एच-1बी वीजा एक स्कैम, फ्लोरिडा गवर्नर ने कहा- अमेरिकियों की नौकरी छीन रहे भारतीय

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, टैरिफ के बाद अब अमेरिका वर्क वीजा, स्टूडेंट वीजा और ग्रीन कार्ड पर भी सख्ती दिखाने लगा है। सरकार ने नए नियम लाने की तैयारी की है, जिनके तहत विदेशी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों और विदेशी पत्रकारों की वीजा अवधि कम की जाएगी। अभी तक इन लोगों को जरूरत के हिसाब से अमेरिका में रहने की इजाजत थी। लेकिन नए नियम के मुताबिक, विदेशी छात्र और सांस्कृतिक मेहमानों को 4 साल तक का वीजा मिलेगा। विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा। ट्रम्प




प्रशासन का कहना है कि इससे वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। लेकिन इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों और अमेरिका में पढ़ने व काम करने वाले भारतीयों पर पड़ सकता है। इस बीच अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसेंटिस ने एच-1बी वीजा को घोटाला बताया है। डिसेंटिस का कहना है कि इस वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत के लोगों को मिल रहा है। अमेरिका में जारी होने वाले एच-1बी वीजा का लगभग 75% भारतीयों को मिलता है। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, कॉग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा स्पॉन्सर करती हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। स्टूडेंट (एफ वीजा) और एक्सचेंज वीजा (जे वीजा) को लेकर भी ट्रम्प प्रशासन सख्त है। पहले से नियम यह था कि जब तक छात्र का एडमिशन रहता है, उसे रहने की अनुमति मिलती है। लेकिन अब नया नियम यह है कि छात्र और एक्सचेंज वीजा सिर्फ 4 साल तक ही मान्य होंगे। विदेशी पत्रकारों की अवधि 240 दिन तय की जाएगी, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में 1978 से नियम है कि छात्रों और एक्सचेंज वीजा लेने वालों को ड्यूरेशन ऑफ स्टेटस के आधार पर एंट्री मिलती थी। यानी अगर किसी छात्र का दाखिला जारी है, तो उसे बिना बार-बार इमिग्रेशन चेक के अमेरिका में रहने की अनुमति मिल जाती थी। इससे वे अपनी पढ़ाई या एक्सचेंज प्रोग्राम खत्म होने तक रुक सकते थे।

# दावा- ब्रिटेन के 85 इलाकों में पाकिस्तानी रेप गैंग्स एक्टिव

## नाबालिग लड़कियों को ड्रग्स की लत लगाकर रेप करते; पुलिस पर अनदेखी का आरोप

एजेंसी

लंदन, ब्रिटेन के 85 इलाकों में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण होने का मामला सामना आया है। सांसद रूपर्ट लोवे ने 26 अगस्त को एक जांच में दावा किया कि इन इलाकों में कई रेप गैंग एक्टिव है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोवे ने कहा, 'इन रेप गैंग्स के ज्यादातर मेंबर पाकिस्तान मूल के लोग है। जांच में 1960 के दशक तक के मामले सामने आए हैं।' जांच के दौरान सैकड़ों पीड़ितों और उनके परिवारों से बात किया गया साथ ही फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन (ऋडक) के तहत हजारों शिकायत जुटाई गई। सांसद रूपर्ट ने कहा, 'ये लोग कई सालों से अपराध कर रहे हैं और पुलिस और प्रशासन ने इसकी अनदेखी की है।' रिपोर्ट के मुताबिक यह गैंग ज्यादातर गरीब घर की गोरी लड़कियों को शिकार बनाते हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें बचपन में निशाना बनाया गया, ड्रग्स देकर पहले लत लगाया जाता फिर बलात्कार किया गया, और चुप रहने की धमकी दी गई। रिपोर्ट में ब्रिटेन पुलिस, सामाजिक सेवाओं और क्राउन प्रॉसीक्यूशन सर्विस (सीपीएस) पर भी सवाल उठाए गए हैं। कई मामलों में पीड़ितों को गंभीरता से नहीं लिया गया, और कुछ को उनको ही अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस को डर था कि



अपराधियों की जाति सामने आने से सामुदायिक तनाव बढ़ सकता है, जिसके कारण कार्रवाई करने में देरी की गई। लोवे ने कहा, 'यह घिनौना अपराध पहले से कहीं ज्यादा फैल गया है। लाखों जिंदगियां इन रेप गैंग्स की वजह से बर्बाद हुई हैं।' टेलफोर्ड इलाके में 40 सालों में 1 हजार से अधिक लड़कियों, जिनमें कई 11 वर्ष की थीं, का यौन शोषण और तस्करी की गई।

वहीं, रोथरहम में साल 1997 से 2013 के बीच लगभग 1,500 लड़कियों को निशाना बनाया गया। सांसद लोवे ने एक पोस्ट में लिखा, 'मुझे पहले कभी इतना यकीन नहीं हुआ कि पाकिस्तानी रेप गिरोह की गतिविधियां इतने बड़े पैमाने पर चल रही होंगी। बलात्कारियों को नजरअंदाज करना नामुमकिन है। अगर किसी विदेशी नागरिक को पता था और उसने कुछ नहीं किया, तो उसे निकाल देना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को पता था और उसने कुछ नहीं किया, तो उस पर भी मुकदमा चलाया जाना चाहिए।' इससे पहले ब्रिटेन के ही एक प्रोफेसर एलेक्सिस जे की स्वतंत्र जांच कमेटी (आईआईसीएसए) ने 2022 में अपनी सात साल की जांच के बाद 20 सिफारिशें दी थीं। इसमें संस्थागत विफलताओं और इंग्लैंड व वेल्स में हजारों पीड़ितों की बात सामने आई थी। इसने बाल यौन शोषण को महामारी करार दिया गया था। जनवरी, 2025 में टेस्ला मालिक मस्क ने ब्रिटेन के ग्रूमिंग गैंग (आपराधिक गिरोह) की आलोचना की थी। इसके बाद सरकार ने ब्रिटिश सहकर्मी और एक्सपर्ट बैरोनेस लुईस केसी को मामले पर एक डेटा रिपोर्ट तैयार करने को कहा। इस रैपिड ऑडिट में ग्रूमिंग गिरोहों के अपराधों और उनकी हिस्ट्री की स्टडी की गई।

# अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

## हथियारों पर लिखा-ट्रम्प को मारो, भारत पर परमाणु बम गिराओ; हमलावर ने खुद को भी गोली मारी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई।



पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे - एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो' और 'भारत पर परमाणु बम गिराओ' जैसे नारे लिखे थे।

दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है। हमलावर की पहचान 23 वर्षीय रॉबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूट्यूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया। मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजराइल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे। इनमें से एक हथियार पर न्यूक इंडिया (भारत पर परमाणु हमला) भी लिखा हुआ था।

# ट्रंप के टैरिफ पर भड़के सपा सांसद अवधेश प्रसाद

### अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद करने की अपील की



एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद अवधेश प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद करना समय की माँग है। प्रसाद ने एएनआई से कहा कि जब हम उनके उत्पादों का बहिष्कार करेंगे, तो उन्हें इससे नुकसान होगा। मौजूदा हालात में, यह जरूरी है कि हम अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद कर दें। हमें यह जल्द से जल्द करना चाहिए। इससे पहले, योग गुरु रामदेव ने भी अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में भारतीय नागरिकों से अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का बहिष्कार करने का आग्रह किया और इसे राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही करार दिया। रामदेव ने एएनआई से कहा कि भारतीय नागरिकों को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का कड़ा विरोध करना चाहिए, इसे राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही बताकर। अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेप्सी, कोका-कोला, सबवे,

**प्रसाद ने एएनआई से कहा कि जब हम उनके उत्पादों का बहिष्कार करेंगे, तो उन्हें इससे नुकसान होगा। मौजूदा हालात में, यह जरूरी है कि हम अमेरिकी उत्पादों का उपयोग बंद कर दें। हमें यह जल्द से जल्द करना चाहिए।**

केएफसी या मैकडॉनल्ड्स के काउंटरों पर एक भी भारतीय नहीं दिखना चाहिए। इतना बड़ा बहिष्कार होना चाहिए... अगर ऐसा हुआ, तो अमेरिका में अराजकता फैल जाएगी। अमेरिका में महंगाई इतनी बढ़ जाएगी कि खुद ट्रंप को ये टैरिफ वापस लेने पड़ सकते हैं... ट्रंप ने भारत के खिलाफ जाकर बहुत बड़ी गलती की है। अमेरिका ने सबसे पहले अगस्त की शुरूआत में भारत पर 25% टैरिफ लगाया था। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की। इस बीच, हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना की है कि उन्होंने रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर टैरिफ लगाया है, जबकि चीन और बड़ी मात्रा में तेल खरीदने वाले अन्य देशों को इससे छूट दी है। एक पोस्ट में, समिति ने आरोप लगाया कि टैरिफ के साथ केवल भारत पर ध्यान केंद्रित करने का ट्रंप का फैसला अमेरिकियों को नुकसान पहुँचा रहा है

# किसानों के साथ हो रहा धोखा, हमें अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए

**सरकार ने गुरुवार को शुल्क-मुक्त कपास आयात को तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया। अब कपड़ा व्यापारी 31 दिसंबर तक बिना आयात शुल्क के कपास का आयात कर सकते हैं। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक यह छूट दी थी।**

## ट्रंप टैरिफ पर केजरीवाल ने मोदी सरकार को घेरा

एजेंसी

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि देश के 90-95% किसानों को पता ही नहीं है कि उनके साथ क्या हुआ है। सरकार ने गुरुवार को शुल्क-मुक्त कपास आयात को तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया। अब कपड़ा व्यापारी 31 दिसंबर तक बिना आयात शुल्क के कपास का आयात कर सकते हैं। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक यह




छूट दी थी। केंद्र सरकार के अनुसार, कपड़ा व्यापारियों को 50% अमेरिकी टैरिफ के बोझ से राहत देने के लिए यह फैसला लिया गया है। लेकिन भारत सरकार के दावे के विपरीत, केजरीवाल ने कहा कि इस कदम से वास्तव में भारतीय कपास उत्पादकों को नुकसान होगा। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने हमारी पीठ पीछे कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जो पूरे देश के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है। हाल ही में ट्रंप और अमेरिका के दबाव में ये फैसला लिया गया है कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है, उस पर अभी तक 11% ड्यूटी लगती थी... पिछले दिनों मोदी सरकार ने फैसला लिया है कि अमेरिका से आने वाले कपास पर जो 11% ड्यूटी लगती थी, उसे हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब 19 अगस्त से 30 सितंबर तक, यानी 40 दिनों तक अमेरिका से आने वाले कपास पर कोई ड्यूटी नहीं लगेगी। अब अमेरिका से जो कपास आएगा या आना शुरू हो गया है, वो भारत में भारतीय किसानों के कपास से लगभग औसतन 15-20 रुपये प्रति किलो सस्ता है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 50% टैरिफ लगाया है, तो हमें अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से मांग करते हैं कि कपास पर 11% आयात शुल्क वापस लेने के इस आदेश को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए और अमेरिका से आने वाले कपास पर पुनः 11% आयात शुल्क लगाया जाए और हमारे देश के किसानों को बचाया जाए।

# जब बिहार के बच्चों की हत्या हुई थी तब स्टालिन कहाँ थे? तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पर बरसे प्रशांत किशोर

**प्रशांत किशोर ने बिहार में एमके स्टालिन की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान उन पर गंभीर आरोप लगाए, सवाल उठाया कि जब तमिलनाडु में ₹बिहार के बच्चों की हत्या₹ का कथित प्रकरण हुआ था तब वे कहाँ थे। यह तीखा हमला कांग्रेस और तेजस्वी यादव के चरित्र पर भी सवाल खड़ा करता है, जो आगामी बिहार चुनावों से पहले राजनीतिक तापमान बढ़ा रहा है।**



एजेंसी

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा। स्टालिन अपने सहयोगियों और विपक्षी नेताओं के साथ 'मतदाता अधिकार यात्रा' में शामिल हुए और दक्षिणी राज्य में बिहार के बच्चों की कथित हत्या को लेकर स्टालिन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज एमके स्टालिन बिहार आए हैं, उसी तमिलनाडु में जहाँ बिहार के बच्चों की हत्या की गई थी। उस समय स्टालिन कहाँ थे? कहीं न कहीं, यह कांग्रेस और तेजस्वी यादव के चरित्र को भी दशार्ता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चुनाव आयोग को कठपुतली बनाने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए गए, तो आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए हार जाएगा। मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित 'मतदाता अधिकार यात्रा' में भाग लेने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तमिल में भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए, तो एनडीए हार जाएगा।

# पेप्सी और मैकडॉनल्ड्स छोड़ो...स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ

**योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए।**

## ट्रंप के टैरिफ पर रामदेव का देसी मंत्र

एजेंसी

योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के बहिष्कार से वाशिंगटन को अपने अनुचित व्यापार उपायों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, नए



रोजगार सृजित करके और रूस, चीन तथा मध्य पूर्व जैसे देशों के साथ साझेदारी बनाकर इस चुनौती को अवसर में बदलना चाहिए। विनिर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, रामदेव ने कहा कि दुनिया भारत से जीवन जीने की कला सीखेगी। उनका पूरा बयान यहाँ देखें।

### योग गुरु रामदेव ने निकाला ट्रंप टैरिफ का तोड़

रामदेव की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के फैसले के कुछ ही घंटों बाद आई है, जो बुधवार को निर्धारित समय पर लागू हो गया। इससे दो शक्तिशाली लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा झटका लगा है, जो हाल के दशकों में रणनीतिक साझेदार बन गए थे। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दक्षिण एशियाई देश से कई आयातों पर ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में जोड़ा गया।

### बाबा रामदेव ने समझाया टैरिफ से मुकाबले का देसी मंत्र

इस कदम को ₹राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही₹ बताते हुए, रामदेव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ₹भारतीय नागरिकों को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए

## संक्षेप

### सपा नेताओं में जमकर हुई नोक-झोंक

**सुल्तानपुर में पदयात्रा के दौरान दो गुट भिड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष ने कराया शांत**

सुलतानपुर, लंभुआ में गुरुवार को सपा की विवाद हो गया। यह यात्रा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर निकाली गई थी। विवाद तब शुरू हुआ जब ज्ञापन देने के समय पूर्व विधायक संतोष पांडेय के समर्थक अतेंद्र जायसवाल और हिस्ट्रीशीटर सपा नेता जितेंद्र वर्मा बाजीगर आमने-सामने आ गए। पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। लंभुआ सपा विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव के नेतृत्व में यह पदयात्रा राम दरबार मंदिर से शुरू हुई। यात्रा के दौरान कस्बे में अखिलेश यादव जिंदाबाद और पीडीए एकता जिंदाबाद के नारे लगे। यात्रा तहसील मुख्यालय पर समाप्त हुई। तहसीलदार प्रांजल तिवारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। इनमें खाद की कालाबाजारी, छुट्टा जानवरों की समस्या, जल निकासी की समस्या और बेरोजगारी शामिल थे। साथ ही प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस, कानून व्यवस्था की स्थिति और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसे मुद्दे भी रखे गए।पदयात्रा के दौरान दो गुटों में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से विशेष मांगें की गईं।

### युवक की ढाबे पर मौत

**पंखा लगाते समय लगा करंट, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

सुलतानपुर, ढाबे पर काम करने वाले एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत करौंदी गांव स्थित युवक के परिवार में सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार करौंदी निवासी विजय गौड़ (28 वर्ष) पुत्र राधेश्याम गौड़ अमेठी के गौरीगंज कोतवाली अंतर्गत टिकरिया एसीसी कंपनी के पास ठाकुर ढाबा पर काम करता था। ढाबा मालिक घर आए हुए थे। विजय काम देख रहा था। बताया जा रहा है लगभग 5 बजे जब वो ढाबा पर पंखा लगा रहा था एकाएक करंट की चपेट में आ गया। आसपास के लोग उसे आनन फानन में गौरीगंज जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घर पर सूचना दिया तो यहां रोना-पिटना मच गया।

### पीरो सरैया राशन विक्रेता के खिलाफ घटतौली की जांच

**152 कार्डधारकों की शिकायत पर 395 लोगों के बयान दर्ज, 60 ने दिया शपथ पत्र**

सुलतानपुर, पीरो सरैया पंचायत की सरकारी राशन विक्रेता प्रमिला सिंह के खिलाफ जांच संपन्न हुई। घटतौली और अनियमितता के आरोप में 152 कार्डधारकों ने जिला पूर्ति अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा था। एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी ने जांच की निगरानी की। जांच के दौरान कुल 395 लोगों के बयान रिकॉर्ड किए गए। इनमें से 60 लोगों ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर विद्यालय परिसर में सिर्फ कार्डधारकों को ही प्रवेश की अनुमति दी गई।

# भाजपा नेता की किडनैप कर हत्या

## रेलवे ट्रैक पर मिला शव, दोस्त अरेस्ट; चित्रकूट के जंगल में मिली थी स्कॉर्पियो

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर यादव की हत्या कर दी गई है। पुलिस को उनका शव क्षत-विक्षत हालत में पूरामुफ्ती में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। रणधीर यादव की हत्या का शक उनके दोस्त राम सिंह पर है। पुलिस ने राम सिंह को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य का मर्डर अवैध संबंध में किया गया है। राम सिंह से पूछताछ की जा रही है। 24 अगस्त को पूर्व जिला पंचायत सदस्य की स्कॉर्पियो चित्रकूट के जंगल में मिली थी। 23 अगस्त को उनकी पत्नी ने राम सिंह समेत 2 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। एसीपी वरुण कुमार का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के मामले में राम सिंह को पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। दूसरे आरोपी डॉ. उदय की तलाश में 3 टीमें लगी हैं। गाड़ी चित्रकूट के जंगल में मिली थी। इसलिए 3 दिनों तक वहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। प्रयागराज से पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता रणधीर यादव मोहम्मदपुर हथिगंहा के रहने वाले थे। उनके पिता राम अभिलाष यादव सूबेदार रह चुके हैं। पत्नी बबली यादव वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। रणधीर यादव नवाबगंज बाजार में एक ढाबे पर देखे गए थे। उसके बाद से वह लापता हो गए थे। तभी से उनका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ था। रणधीर यादव की तलाश के दौरान पुलिस को पता चला था कि उनका जानने वाला राम सिंह भी लापता है। राम सिंह पीडल्यूडी का कर्मचारी है। प्रयागराज पुलिस जांच में जुटी थी। 24 अगस्त को रणधीर यादव की स्कॉर्पियो चित्रकूट के देवांगना के पास लावारिस हालत में मिली थी। स्कॉर्पियो से नंबर प्लेट गायब थी, लेकिन कागजात मिल गए थे। प्रयागराज के एसीपी के नेतृत्व में 2 टीमें चित्रकूट पुलिस के साथ जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रही थीं। अपहरण के इस सनसनीखेज मामले में अवैध संबंधों की कहानी सामने आ रही थी। पूछताछ, कॉल डिटेल, सोशल मीडिया अकाउंट और सर्विलांस से जो जांच हुई, उससे भाजपा नेता के एक युवती से करीबी रिश्तों की बात पता चली थी। इसी को लेकर जांच आगे बढ़ रही थी। जिला पंचायत सदस्य बबली यादव ने पति रणधीर यादव के अपहरण की ऋकफ करते हुए 2 लोगों को नामजद किया था। इसमें एक नाम राम सिंह और दूसरा डॉ. उदय (कंपाउंडर) का था। शक की सुई इन्हीं दोनों पर थी। असल में करीब एक महीना पहले डॉ. उदय की पत्नी की मौत हो गई थी। कहा जा रहा है कि उसने सुसाइड कर लिया था। हालांकि, शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया था। तब भाजपा नेता रणधीर यादव और उसके दोस्त डॉ. उदय के बीच तकरार हुई थी।

# प्रयागराज में बढ़ रहे चिकन पॉक्स के केस

## डॉक्टर बोले- 7 से 10 दिन तक आइसोलेशन में रहें; तेज कमर दर्द और बुखार शुरूआती लक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, लगातार बारिश और बाढ़ का कहर जारी है। इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। बड़ी संख्या में लोग फंगल इंफेक्शन व वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। सबसे ज्यादा लोग चिकन पॉक्स (चेचक) से प्रभावित दिख रहे हैं। चिकन पॉक्स जिसे गांवों में साधारण बोलचाल में देवी माता या बड़ी माता के नाम से भी जाना जाता है। इसका पहला लक्षण कमर दर्द, बुखार होना, थकान और भूख न लगना होता है। इसके 2 दिन बाद ही में व्यक्ति के शरीर में छोटे छोटे लाल दाने निकलने लगते हैं और उसमें पानी जैसा भरा होता है। इसमें डॉक्टर भी कुछ खास दवा नहीं देते हैं, क्योंकि इसमें दवा से ज्यादा बचाव और 7 से 10 दिन तक होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी जाती है। इससे प्रभावित लोग बड़ी संख्या में फिजिशियन से संपर्क कर रहे हैं। टीबी सप्रू चिकित्साल के सीनियर फिजिशियन डॉ. मंसूर अहमद बताते हैं, चिकन पॉक्स एक वायरल संक्रमण हैं जो वरिसेला-जोस्टर से फैलता है। इसके लक्षणों में अचानक तेज बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते और दाने निकलना, खुजली होना, थकान और कमजोरी महसूस होता है। इससे बच्चे, बड़े और महिलाएं सभी प्रभावित होते हैं। जिन वयस्कों को पहले यह संक्रमण नहीं हुआ होता है वे भी इसकी चपेट में जाते हैं। वह कहते हैं, चिकन पॉक्स सीधे एक संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। खांसी, छींक या संक्रमित वस्तुओं को छूने से भी यह बीमारी आसानी से फैल जाती है। इसलिए मरीज को परिवार के अन्य सदस्यों से कुछ दिन के लिए अलग रखना जरूरी है। आमतौर पर 7 से 10 दिन तक मरीज को आइसोलेशन में रखने की सलाह दी जाती है। डॉक्टर कहते हैं, यदि कोई चिकन पाक्स से पीड़ित है तो उसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नहीं जाना चाहिए।

# रोडवेज बस और बाइक की टक्कर



**बाराबंकी के दो लोगों की मौत, बस चालक फरार, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा अयोध्या-रायबरेली मार्ग स्थित रानीगंज कस्बे में हुआ। मृतकों की पहचान बाराबंकी जिले के असन्द्रा निवासी 60 वर्षीय हुसैन मुज्तबा और 57 वर्षीय अमीरुल हसन के रूप में हुई है। टक्कर के बाद दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भाले सुल्तान पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी तनुज पाल के अनुसार, हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# अपहरण के आरोपी को 5 साल की सजा

## युवती को शादी का झांसा देकर ले जाने का मामला, 20 हजार का जुमार्ना भी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते एक अपहरण के मामले में आरोपी को कड़ी सजा मिली है। माननीय न्यायालय अएसजे/एफटीसी-2 सुलतानपुर ने विकास तिवारी को 5 साल के कठोर कारावास और 20,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना अखंडनगर क्षेत्र का है। आरोपी विकास तिवारी ने एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने का प्रयास किया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर 10 अगस्त 2013 को मुकदमा दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल ने इस मामले में प्रभावी पैरवी की। विवेचक उप-निरीक्षक रामपाल सिंह ने जांच के बाद 4 दिसंबर 2013 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोपी विकास तिवारी ग्राम बड़गांव का रहने वाला है। उस पर धारा 363/366 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर यह फैसला सुनाया है।

# तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर



**हादसे में चाचा-भतीजे की मौत, बाराबंकी के रहने वाले हैं मृतक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। रानीगंज चौराहे पर ओवर ब्रिज के नीचे बृहस्पतिवार एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। मृतकों की पहचान बाराबंकी के असंद्रा थाना क्षेत्र के निवासी 60 वर्षीय हुसैन मुज्तबा और 57 वर्षीय अमीरुल हसन के रूप में हुई। दोनों चाचा-भतीजे थे। परिजनों के अनुसार, वे सुबह करीब 3 बजे घर से सुल्तानपुर जिले के बंधुआकला थाना क्षेत्र के मनियारपुर जा रहे थे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# आरजीएनएयू में नवागंतुक छात्र परिचय कार्यक्रम

## पूर्व लोकपाल सदस्य ने छात्रों को मूल्य आधारित सुशासन का पाठ पढ़ाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, फुरसतगंज अमेठी स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय नवागंतुक छात्र परिचय कार्यक्रम 28 अगस्त 2025 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी. एन. सिंह ने बी.टेक. के नए छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों और शोधार्थियों के लिए नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सेवानिवृत्त आईएएस एवं पूर्व लोकपाल सदस्य डॉ. आई. पी. गौतम ने मूल्य आधारित सुशासन में नैतिकता की भूमिका पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने शासन में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. गौतम ने बताया कि ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की सूची में भारत 180 देशों में 80वें स्थान पर है। उन्होंने भारत को सबसे कम भ्रष्ट देशों की श्रेणी में शीर्ष 40 में लाने का लक्ष्य रखा।

डॉ. गौतम ने लोकपाल की शक्तियों और कार्यों की जानकारी दी। साथ ही आधुनिक तकनीक से जांच प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में नियंत्रक परीक्षाएँ श्री जितेन्द्र प्रसाद, विभागीय समन्वयक डॉ. कौशलेंद्र कुमार दुबे, डॉ. प्रवीण द्विवेदी समेत अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी करने वाला सम्भल से पकड़ा

## सिविल लाइन से 22 अगस्त को हुआ था चोरी, सीओ ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, रेलवे स्टेशन के सिविल लाइन साइड से 22 अगस्त हो मासूम बच्चे के अपहरण के मामले में जीआरपी और आरपीएफ ने खुलासा कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। गुरुवार को सीओ ने मामले की प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को जानकारी दी। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया। सीओ जीआरपी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 22 अगस्त को बुलन्दशहर के गांव इछावरी की रहने वाली राखी देवी पत्नी जयप्रकाश अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर सोई हुई थी। इसी दौरान पास में सो रहे उनके डेढ़ साल के बेटे विष्णु को आरोपी चोरी करके ले गया। इस मामले में 27 अगस्त को राखी और उसके परिजनों ने जीआरपी थाने में आकर सूचना दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बालक विष्णु की तलाश शुरू की। आसपास के सीसीटीवी चेक लिए। जिसमे आरोपी विष्णु को ले जाता हुआ दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और आगे बढ़ी। इसमें पुलिस की 4 टीमें लगी थी। जांच पड़ताल के दौरान चंदौसी रेलवे स्टेशन पर आरोपी बालक विष्णु के साथ पैदल- पैदल शहर से होते हुए कैथल गांव की तरफ जाते हुए सीसीटीवी में दिखाई पड़ा। इसके बाद गांव धिमरपुरा की तरफ जाते हुए दिखा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मनीष निवासी गांव धिमरपुरा थाना इस्लामनगर बदांयू को गिरफ्तार करने के साथ ही बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। थाने लाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की और कोर्ट मे पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसको जेल भेज दिया। उधर, विष्णु को उसके मां पिता के सुपुर्द कर दिया। बुलंदशहर जनपद के गांव इछावरी के रहने वाले जयप्रकाश मेहनत मजदूरी करते हैं। चार साल पहले वह गुजरात में रहकर काम करते थे और वहीं पर राखी नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद वह राखी को लेकर डिबाई आ गए थे और यहीं अपने गांव में रहने लगे।

# राया-हाथरस मार्ग पर टेंपो पलटा

## 6 यात्री घायल, एक की हालत गंभीर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना राया क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। रायाझ्रहाथरस मार्ग पर अंबेडकर पार्क के पास यात्रियों से भरा एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, कस्बा राया के मांट फाटक टेंपो स्टैंड से यात्रियों को लेकर एक टेंपो मुरसान जा रहा था। रास्ते में जैसे ही वाहन अंबेडकर पार्क के समीप पहुंचा, चालक का संतुलन बिगड़ गया और टेंपो पलटकर सड़क किनारे जा गिरा। अचानक हुई इस दुर्घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार गूंजने लगी। घायलों को अस्पताल भेजा गया हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और घायलों को बाहर निकाला। कुछ ही देर बाद थाना राया पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पुलिस ने पीड़ित को थाने में बैठाया

## आरोपी खुले घूम रहे, खेत में मेड़ काटने को लेकर हुई थी मारपीट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, थौरा गांव में खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं। श्रीनाथ यादव और उनके तीन बेटों ने नवीन कश्यप के खेत की मेड़ को जबरन काटने का प्रयास किया। नवीन के भाई प्रदीप कश्यप ने जब इसका विरोध किया और वीडियो बनाने लगे, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में प्रदीप के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। वह चलने में भी असमर्थ हो गए। पीड़ित प्रदीप कश्यप न्याय की आस में अमेठी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल को लिखित शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने की बजाय प्रदीप को ही बुधवार शाम से थाने में बैठा लिया।

# पुलिस की मिलीभगत से काशीराम कॉलोनी में किया कब्जा

## सुलतानपुर में महिला पर आरोप, दलित परिवार को दी धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, काशीराम आवास कॉलोनी में अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। समाजसेवी पप्पू कोरी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में बताया गया है कि अंजू वर्मा नाम की महिला ब्लॉक नंबर 6/68 में अवैध रूप से रह रही है। आरोप है कि अंजू वर्मा का एक गिरोह है,

जिसमें कुछ महिलाएं और एक वकील अजय कुमार शामिल हैं। तत्कालीन उप-निरीक्षक जगदीश सिंह से इनके करीबी संबंध थे। इसी के चलते ब्लॉक नंबर 7 में एक कमरे पर कब्जा कर लिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस मामले की कई बार शिकायत की गई, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। 25 अगस्त को विद्युत विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। इससे नाराज होकर आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता के घर जाकर उनकी पत्नी और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो भी उपलब्ध है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले को दबाने के लिए 26 मई को थाना कोतवाली नगर में उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया। वर्तमान में जिलाधिकारी की निगरानी में मामले की जांच चल रही है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी